# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






# कभी बंदूक चलाते थे, अब बन गए बढ़ई, इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर, कंप्यूटर भी चलाएंगे, ट्रेनिंग के बाद लौट रहे गांव

- लौटेंगे गांव, सरेंडर के बाद सीखे हुनर का आजीविका में करेंगे उपयोग
- बस्तर संभाग के छह जिले के 1676 समर्पित नक्सलियों का स्कील डेव्हलपमेंट प्रशिक्षण पूर्ण



राजेश दास ▸▸| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

बस्तर के जंगलों में आतंक का पर्याय माने जाने वाले खूंखार नक्सली जो पहले हत्या, लूट, विस्फोट, आगजनी, सड़कों को क्षतिग्रस्त करने, स्कूल भवनों को तोड़ने जैसे विनाश में संलिप्त थे। वे अब अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बनेंगे। समर्पण के बाद सीखे हुए हुनर का अपने गांव में माता-पिता व परिवार के आजीविका के लिए उपयोग करेंगे। पहले चरण में समर्पण करने वाले 1676 नक्सली कौशल ▸▸|शेष पेज 9 पर



## इन ट्रेडों में हुए प्रशिक्षित

समर्पित नक्सलियों को आत्मनिर्भर बनाने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मोबाइल रिपेयरिंग का काम सिखाया गया। कृषि कौशल के तहत आधुनिक खेती और कृषि से जुड़े व्यवसायों का प्रशिक्षण के अलावा ▸▸|शेष पेज 9 पर

## बीजापुर जिले में सर्वाधिक 744 हुए प्रशिक्षित

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में सर्वाधिक 201 महिला व 543 पुरुष कुल 744 समर्पित नक्सलियों ने स्कील डेव्हलपमेंट प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके है। इसके अलावा सुकमा में 104 महिला व 223 पुरूष, नारायणपुर जिले में 58 महिला 151 पुरूष, दंतेवाड़ा में 67 महिला व 186 पुरूष, ▸▸|शेष पेज 9 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

# पावर ट्रांसमिशन कंपनी के आईपीओ को मंजूरी, किसानों के लिए भी खुला पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को आईपीओ के माध्यम से शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इसके साथ ही खरीफ 2026 से कृषक उन्नति योजना के नए स्वरूप को भी स्वीकृति दे दी गई है, जिसके तहत धान के बजाय अन्य खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की सहायता मिलेगी।

सरकार का कहना है कि बिजली ट्रांसमिशन कंपनी के आईपीओ से आम नागरिकों और निवेशकों ▸▸|शेष पेज 9 पर

## कृषक उन्नति योजना के नए स्वरूप को मिली मंजूरी

### नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण को मिलेगी रफ्तार

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को आपसी सहमति से भूमि खरीद पर दी जा रही स्टाम्प ड्यूटी छूट की अवधि 31 मार्च 2028 तक बढ़ा दी है। सरकार के अनुसार इससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी और नवा रायपुर के आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी।



### खनिज परिवहन पर डिजिटल निगरानी

बैठक में छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम, 2009 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई। अब खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में आरएफआईडी टैग और वाहन ट्रैकिंग प्रणाली अनिवार्य होगी। खनिजों के ग्रेड निर्धारण और मात्रा आकलन के लिए भी आधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके अलावा भंडारण शुल्क और सिक्योरिटी डिपॉजिट में वृद्धि की गई है। लाइसेंसधारकों को अतिरिक्त भूमि स्वीकृति और दो भंडारण लाइसेंसों के एकीकरण जैसे प्रावधान भी जोड़े गए हैं। सरकार का दावा है कि इससे अवैध खनन और खनिज परिवहन पर नियंत्रण मजबूत होगा तथा राज्य के राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

### चार शहरों में 240 इलेक्ट्रिक बसों का रास्ता साफ

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिज्म के लिए डायरेक्ट डेबिट मैंडेट की सहमति केंद्र सरकार को भेजने की मंजूरी भी दी गई। इससे रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में स्वीकृत 240 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सरकार का दावा है कि इससे शहरी परिवहन अधिक आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनेगा।

### जारी रहेगा चना वितरण

*कैबिनेट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पात्र हितग्राहियों को चना वितरण जारी रखने का फैसला किया है। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को इसके लिए नेकडेक्स-ई-मार्केट के ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म से चना खरीदने की अनुमति दी गई है। साथ ही वर्तमान व्यवस्था को अप्रैल से जून तक तीन माह के लिए बढ़ाने का भी अनुमोदन किया गया है।*

### योग अब चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन

*कैबिनेट ने योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन करने का निर्णय लिया है। सरकार के अनुसार योग आयुष प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है और राष्ट्रीय स्तर पर इससे जुड़ी गतिविधियां आयुष तंत्र के माध्यम से संचालित होती हैं।*

रिश्तों का सौदा...

# पोती से दुष्कर्म को दबाने दादा ने ली 1.30 लाख की रिश्वत, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा



पहले आरोपियों से की वसूली, फिर 4 लाख के सरकारी मुआवजे के लालच में दादा ने खुद खोली अपनी पोल

राजधानी के ग्रामीण इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने और कानून की आंख में धूल झोंकने का एक


नाबालिग से दुष्कर्म मामले की विवेचना में लापरवाही, चौकी प्रभार जितेंद्र निलंबित

बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिस नाबालिग नातिन के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में इंसाफ दिलाने के लिए दादा पुलिस और प्रशासन के खिलाफ झंडा बुलंद कर रहा था, उसी दादा ने पर्दे के पीछे मामले को रफा-दफा करने के लिए आरोपियों ▸▸|शेष पेज 9 पर

### दादा और बिचौलिए गिरफ्तार

मामले की शुरुआती विवेचना में लापरवाही बरतने के आरोप में सिलयारी चौकी प्रभारी (उपनिरीक्षक) जितेंद्र दुबे को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। दुष्कर्म के मुख्य आरोपियों को जेल भेजने के बाद, अब केस को रफा-दफा करने के लिए ब्लैकमेलिंग करने वाले पीड़िता के दादा और दोनों बिचौलियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

*-राजेन्द्र दीवान, थाना प्रभारी, धरसींवा*


सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹112164/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹136990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹149537/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur











छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को मिला नल कनेक्शन
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत, नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र माओवाद का अंत
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के पक्के आवासों की स्वीकृति
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सालाना ₹12 हजार की आर्थिक सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को सालाना ₹6,000 की आर्थिक सहायता
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

रायपुर
बुधवार 10 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 24, अंक : 320
14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 41.3
न्यून. 27.7

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


3 पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक...
विचार पेज
4 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के...






# इस साल 81 स्कूलों के बच्चे किसानों के घर, पंचायत व सामुदायिक भवन में मनाएंगे प्रवेशोत्सव



रायगढ़

किस्त 4

**स्कूल चलें हम...**

- *जिले में 200 से अधिक भवन जर्जर, शासन से नहीं मिली राशि, डीएमएफ से हो रहा जीर्णोद्धार*
- *सबसे ज्यादा हालत खराब आदिवासी ब्लॉकों में संचालित स्कूलों की*

हरिभूमि लगातार

स्वतंत्र महंत ⏭ रायगढ़

हफ्तेभर बाद 16 जून को नए शिक्षा सत्र के लिए स्कूल खुल जाएंगे। जिले में करीब 81 स्कूल के बच्चे ऐसे हैं जो किसी के घर, आंगन, पंचायत भवन या फिर सामुदायिक भवन में शाला प्रवेश उत्सव मनाएंगे। कारण इनके स्कूल भवन जर्जर हो चुके हैं, बैठने लायक नहीं है। ऐसे में ये बच्चे उधार की जगहों पर अपना भविष्य गढ़ना प्रारंभ करेंगे। इन स्कूलों की मरम्मत या फिर नए भवन के लिए सरकारी राशि तो मिली नहीं, ⏭ शेष पेज 9 पर

### 200 स्कूलों की हालत जर्जर

जिले में करीब 200 स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, जहां ज्यादा परेशानी हो रही है। उन स्कूल भवनों की मरम्मत डीएमएफ और सीएसआर फंड से कराने के लिए प्रस्ताव जिला प्रशासन के पास भेजा गया है। जिसमें 81 स्कूलों को प्राथमिकता में रखा गया है, कुछ स्कूलों की मरम्मत के लिए स्वीकृति भी मिल चुकी है, कुछ में मरम्मत कार्य भी शुरू हो चुके हैं।

-डॉ के व्ही राव
जिला शिक्षा अधिकारी





### बरामदों और रसोई घर में लग रही क्लास

जिले के कई स्कूलों में बच्चों को कक्षाओं के बजाय बरामदों और रसोई कक्षों में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। लैलूंगा की प्राथमिक शाला जमरगा में करीब 100 विद्यार्थी बरामदे में पढ़ाई कर रहे हैं। खरसिया के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल जोबी में ⏭ शेष पेज 9 पर



### कहां कितने स्कूल

विभागीय जानकारी के अनुसार इन 81 विद्यालयों के लिए डीएमएफ एवं सीएसआर मद से भवन निर्माण और मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को भेजा गया है। इनमें सर्वाधिक 26 स्कूल धरमजयगढ़ ब्लॉक में हैं। इसी तरह लैलूंगा में 17 और पुसौर में 16 विद्यालय जर्जर या भवन विहीन स्थिति में संचालित हो रहे हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में हालात ⏭ शेष पेज 9 पर

*कई राज्यों में प्री-मानसून की बारिश ने दी राहत*

# मानसून ने 16 राज्यों में दी दस्तक छत्तीसगढ़ में करना होगा इंतजार

दक्षिण पश्चिम मानसून ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में दस्तक दे दी। 4 जून को केरल में पहुंचे मानसून अब तक 16 राज्यों में प्रवेश कर चुका है। केरल, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। अगले 2 से 3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/कोलकाता/शिलांग

दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को उत्तरी बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंच गया। केरल में चार जून को दक्षिण-पश्चिम मानसून के दस्तक के साथ ही देश में चार महीने के वर्षा ऋतु की शुरुआत का संकेत मिल गया था। उत्तरी बंगाल आठ पूर्वोत्तर राज्यों का प्रवेश द्वार है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले चार से पांच दिनों में मानसून के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी भारत में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। आईएमडी ने कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वोत्तर राज्यों के शेष हिस्सों, पूरे सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

- राजस्थान पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में गर्मी का असर

### मुंबई में 24 घंटे में पहुंचने का अनुमान

पश्चिमी तट पर मानसून अब मुंबई से करीब 150 किलोमीटर दूर है। अगले 48 घंटे में इसके मुंबई पहुंचने की संभावना है। मुंबई में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 10 जून है।



### छत्तीसगढ़ में चलेंगी तेज हवाएं

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ते हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके अलावा हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। अगले दो दिनों तक भी इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है, जिसे लेकर मौसम विभाग का कहना है कि 11 जून से आंधी-बारिश की गतिविधियों में और तेजी आएगी।

### मौसम विभाग का आज ऐसा अनुमान

- बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश के साथ आंधी–तूफान का अनुमान है
- असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है
- केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बारिश होगी।
- मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 40–60किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

### केरल में तेज हवाओं के साथ बारिश

केरल के कई हिस्सों में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिससे विशेष रूप से राज्य के उत्तरी जिलों में व्यापक जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और कुछ क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय है। रातभर हुई मूसलाधार बारिश से कोझिकोड जिले के शहरी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ।

**भूतपूर्व उपसरपंच के घर से नकली शराब का जखीरा बरामद, 240 लीटर जब्त**

# स्प्रिट और चायपत्ती से मिलाकर बढ़ाई जाती थी शराब की मात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम पंचायत धनागर का भूतपूर्व उपसरपंच के घर से बड़ी मात्रा में नकली शराब का जखीरा पुलिस ने बरामद किया है। वह 6 साल से नकली शराब बनाकर धनागर सहित आस-पास के गांवों में बिक्री कर अवैध मुनाफा कमा रहा था। ताज्जुब की बात तो यह है कि इतने बड़े पैमाने पर भूतपूर्व सरपंच द्वारा चलाए जा रहे इस गोरख धंधे की भनक ना तो पुलिस को थी ना ही आबकारी विभाग को। दूसरे प्रांतों से शराब लाकर लोकल शराब का लेबल लगाकर बिक्री ⏭ शेष पेज 9 पर

- 6 साल से चल रहा था गोरखधंधा, ना पुलिस और ना ही आबकारी विभाग को लगी भनक



### 2 लाख 15 हजार की कमाई

आरोपी ने बताया कि नकली शराब की बिक्री से करीब 2 लाख 15 हजार रुपए की कमाई की है। इस मामले में आरोपी दुष्यंत पटेल उर्फ पप्पू, सुभाष पटेल एवं विनय ठाकुर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

### कार्रवाई से दो आरोपी फरार

दुष्यंत पटेल अपने भाई सुभाष पटेल व विनय सिंह के साथ मिल कर नकली शराब बेच कर मुनाफा कमाता था। जब संयुक्त टीम उसके घर पहुंची तब आरोपी का भाई सुभाष पटेल मौका पाकर फरार हो गया। वहीं साथी विनय सिंह भी गायब हो गया।

### इस तरह बनाता था नकली शराब

आरोपी भूतपूर्व उपसरपंच दुष्यंत पटेल उर्फ पप्पू ने बताया कि वे तीनों मिलकर अरूणाचल प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ से शराब खरीदते थे, उसमें स्प्रिट एवं अन्य पदार्थों के साथ चायपत्ती का उपयोग कर शराब की मात्रा बढ़ा देते थे। पुरानी शराब की बोतलों को एकत्र कर उसकी सफाई करने के बाद नकली लेबल व होलोग्राम लगाकर उसकी पैकिंग की जाती थी।

## खबर संक्षेप

### नौवीं में त्रि-भाषा नियम के खिलाफ लगाई याचिका

**नई दिल्ली।** कक्षा नौवीं के छात्रों के लिए एक जुलाई से दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं के अध्ययन को अनिवार्य करने संबंधी सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक नयी याचिका दायर की गई है। शिक्षाविद और महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री डॉ. फौजिया खान की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि सीबीएसई का 15 मई का परिपत्र मनमाना और अनुचित है।

### रिश्वतखोरी, दो सरपंचों के पति गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पिछले दो दिन में रिश्वतखोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो सरपंचों के पतियों को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने सोमवार को देवभूमि द्वारका जिले के कल्याणपुर तालुका में दो लोगों को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### एलओसी पर पाक ड्रोन पर सेना ने गोलियां चलायीं

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय क्षेत्र में घुस आए एक पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों ने गोलीबारी की, लेकिन वह कुछ भारतीय अग्रिम चौकियों के ऊपर थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) लौट गया।

**मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव**

# लीजिए...बिना लहरों पर उतरे ही केवट की 'नैया' हुई पार

**नटराजन का नामांकन रद्द कांग्रेस ने कहा– 'सीट चोरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर हो रहे चुनाव में मंगलवार को उस समय नाटकीय मोड़ आ गया, जब शपथपत्र में जानकारी छुपाने के आरोप में कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए आरोप लगाया कि यह अब 'वोट चोरी' का मामला नहीं रहा, बल्कि 'सीट चोरी' का मामला बन गया है। विधानसभा के अधिकारी बताया कि भाजपा के उम्मीदवार महेश केवट ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि नटराजन ने जानबूझकर अपने खिलाफ तेलंगाना में दर्ज एक मुकदमे का शपथ पत्र में कोई उल्लेख नहीं किया है।



मीनाक्षी नटराजन

### निर्विरोध निर्वाचित होंगे भाजपा के तीनों प्रत्याशी!

रिटर्निंग आफीसर के निर्णय के बाद भाजपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशियों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल के साथ महेश केवट का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है।

### भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी

रिटर्निंग अफसर कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जवाबी नारेबाजी की।

### कांग्रेस ने दिया धरना, ईसी को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने के खिलाफ निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपा। हालांकि अंदर प्रवेश की इजाजत नहीं मिलने पर वो आयोग के बाहर ही धरने पर बैठ गए थे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल, सचिन पायलट तथा कुछ अन्य नेता मंगलवार देर शाम आयोग के मुख्यालय पहुंचे थे।

**जयपुर में दर्दनाक हादसा**

# पटाखा फैक्ट्री में आग बच्चे समेत 7 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के खो-नागोरियन क्षेत्र में मंगलवार को एक मकान में कथित तौर पर संचालित पटाखा फैक्टरी में आग लगने से बच्चे समेत सात लोगों की झुलस कर मौत हो गई। हादसा खोह नागरियान इलाके में स्थित फैक्ट्री में हुआ है। आग ने फैक्ट्री के कई हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें 6 से अधिक मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं।

### इलाके में मची अफरा-तफरी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैक्ट्री में आग लगने के बाद झुलसे मजदूर बाहर निकल आए और काफी समय तक सड़कों पर ही तड़पते मिले।

# ममता पर शिकंजा, कालीघाट आवास पर पहुंची सीआईडी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद पूर्व सीएम ममता बनर्जी को लगातार झटका मिल रहा है। पहले विधायकों ने साथ छोड़ा फिर सांसदों ने बागी तेवर दिखाए। अब पश्चिम बंगाल के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की एक टीम विधायकों के कथित जाली हस्ताक्षर मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को कोलकाता के कालीघाट इलाके में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के आवास पहुंची, जो पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी है।

- जाली हस्ताक्षर मामले की जांच



### आवास के बाहर तनाव, घेराबंदी

सीआईडी टीम के पहुंचने की खबर फैलते ही तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष और मदन मित्रा मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। बाद में तृणमूल सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी मौके पर पहुंचे और सीआईडी अधिकारियों से बात की।

### सोनिया गांधी से मिलने पहुंची ममता

तृणमूल कांग्रेस में सांसदों की बगावत से जूझ रहीं ममता बनर्जी सोनिया गांधी ने मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंची हैं। सोमवार को इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में सोनिया गांधी ने ममता बनर्जी को गले लगाया था। ममता बनर्जी के साथ उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी साथ गए हैं। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर सामने आया है जब कोलकाता में ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर सीआईडी पहुंची है।

**मुख्यमंत्री ने कहा- सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मिलेगी नई मजबूती**

# सीएम हेल्पलाइन 1076 शुरू : अब एक कॉल पर सुनी जाएगी जनता की हर समस्या

**42 विभागों के 8 हजार अधिकारी, 1195 श्रेणियों में शिकायतों का होगा निराकरण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीएम हेल्पलाइन 1076 का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन प्रणाली के आधिकारिक लोगो का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में मंत्रिपरिषद के सदस्य तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा, राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की समस्या सुनी जाए। उसका समय पर समाधान ⏭ शेष पेज 9 पर




### जवाबदेही सुनिश्चित होगी

उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिकायत को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे आवेदक अपने आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेगा। यदि किसी शिकायतकर्ता को प्राप्त समाधान से संतोष नहीं होगा, तो संबंधित शिकायत स्वतः उच्च अधिकारियों के पास पुनः परीक्षण एवं जांच के लिए अग्रेषित हो जाएगी।

### तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की तैनाती

मुख्यमंत्री ने कहा, सीएम हेल्पलाइन प्रणाली 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित रहेगी। इसके संचालन के लिए तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। सचिव स्तर के अधिकारी डैशबोर्ड के माध्यम से इसकी नियमित निगरानी करेंगे, वहीं मुख्यमंत्री सचिवालय भी इसकी सतत मॉनिटरिंग करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, सीएम हेल्पलाइन जनभागीदारी को सशक्त बनाने का एक प्रभावी मंच भी है।

# ट्रंप की चेतावनी के बाद वर्ल्ड कप में बवाल, ईरानी फैन्स स्टेडियम से बाहर

## 12 जून से शुरू हो रहे वर्ल्ड कप से पहले खड़ा हुआ नया विवाद

एजेंसी ▶▶| तेहरान

फीफा वर्ल्ड कप कप 2026 शुरू होने से कुछ दिन पहले ईरान के लिए नया विवाद खड़ा हो गया है। ईरान फुटबॉल महासंघ (एफएफआईआरआई) ने आरोप लगाया है कि फीफा ने उसका टिकट कोटा वापस ले लिया है, जबकि हजारों फैन्स पहले ही यात्रा की तैयारी कर चुके थे। इससे पहले वीजा विवाद और अमेरिका-ईरान तनाव भी टीम की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं। वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले ईरान और फीफा के बीच नया विवाद सामने आया है। ईरान फुटबॉल महासंघ (एफएफआईआरआई) ने दावा किया है कि फीफा ने अचानक ईरानी समर्थकों के लिए निर्धारित टिकट आवंटन वापस ले लिया है। इस फैसले से हजारों फैन्स की योजनाओं पर पानी फिर सकता है, क्योंकि कई समर्थक पहले ही फ्लाइट, होटल और अन्य यात्रा व्यवस्थाएं कर चुके हैं।

### ईरानी प्रशंसकों ने कर ली थी तैयारी

एफएफआईआरआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि फीफा का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब बड़ी संख्या में ईरानी फैन्स ने आधिकारिक प्रक्रिया के तहत टिकट पाने की उम्मीद में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट के लिए यात्रा की तैयारी पूरी कर ली थी। संघ ने कहा-कई ईरानी फुटबॉल प्रशंसकों ने आधिकारिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हुए मैच देखने के लिए जरूरी इंतजाम पहले ही कर लिए थे।




### ट्रंप के बयान से शुरू हुआ विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ मार्च में दिया गया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान माना जा रहा है। 12 मार्च को अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव के दौरान ट्रंप ने सवाल उठाया था कि क्या ईरान की टीम को वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने की अनुमति मिलनी चाहिए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा था- ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का वर्ल्ड कप में स्वागत है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनके लिए यहां आना उनकी सुरक्षा के लिहाज से उचित होगा। हालांकि बाद में फीफा ने ईरान के अनुरोध को ठुकरा दिया था, जिसमें टीम के मैच अमेरिका से बाहर आयोजित करने की मांग की गई थी।

### वीजा विवाद ने भी बढ़ाई मुश्किलें

टिकट विवाद से पहले ईरान की टीम वीजा संकट से भी जूझ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से सिर्फ 10 दिन पहले अमेरिकी वीजा मिला, जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुईं। इसके अलावा टीम के कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और प्रबंधन अधिकारियों को वीजा नहीं दिया गया। ईरान फुटबॉल महासंघ ने इसे मेजबान देश की जिम्मेदारियों और फीफा नियमों का उल्लंघन बताया।ईरान के राजदूत अली पसांदीदेह के अनुसार, टिजुआना पहुंचने वाले 70 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में से 15 लोगों को अमेरिका में प्रवेश के लिए वीजा नहीं मिला।

### फीफा की ओर से नहीं आया जवाब

ईरान की शिकायतों और टिकट आवंटन विवाद पर फीफा की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। संस्था ने इस मामले पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब भी नहीं दिया।

### फैन्स में बढ़ी नाराजगी

वर्ल्ड कप शुरू होने में अब बेहद कम समय बचा है। ऐसे में जिन प्रशंसकों ने टिकट प्रक्रिया के अनुसार आवेदन किया था और यात्रा की तैयारी कर ली थी, वे अब असमंजस की स्थिति में हैं। टिकट आवंटन रद्द होने से हजारों ईरानी समर्थकों के स्टेडियम में अपनी टीम को समर्थन देने के सपने पर संकट खड़ा हो गया है।

## खबर संक्षेप

### लॉस एंजिलिस मेयर चुनाव दौड़ में भारतवंशी नित्या



**लास एंजलिस।** भारतीय मूल की अमेरिकी नेता और लॉस एंजिलिस सिटी काउंसिल सदस्य नित्या रमन ने मेयर चुनाव में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए जनरल इलेक्शन के लिए जगह बना ली है। उन्होंने पूर्व रियलिटी टीवी स्टार स्पेंसर प्रैट को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा किया और अब नवंबर में मौजूदा मेयर करेन बास को चुनौती देंगी। नित्या रमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हजारों स्वयंसेवकों और समर्थकों के सहयोग से संभव हुई है।

### तीन तलाक-एसिड अटैक पीड़िताओं को मिलेगा घर



**लखनऊ।** महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ट्रिपल तलाक और एसिड अटैक जैसी गंभीर सामाजिक कुरीतियों और आपराधिक कृत्यों से प्रभावित महिलाओं को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए उन्हें आवास और हेल्थ इंश्योरेंस कवर प्रदान करने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार इन महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन

### जर्मनी-फ्रांस ने छोड़ी 100 अरब यूरो की फाइटर परियोजना

**पेरिस।** जर्मनी और फ्रांस ने नई पीढ़ी के लड़ाकू विमान के संयुक्त विकास की महत्वाकांक्षी फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) परियोजना के मुख्य हिस्से को समाप्त करने पर सहमति बनाई है। एयरबस और दसॉ एविएशन के बीच लंबे समय से जारी तकनीकी और व्यावसायिक विवादों का समाधान नहीं निकलने के बाद दोनों देशों ने यह फैसला लिया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह मोंटेनेग्रो में आयोजित ईयू-वेस्टर्न बाल्कन्स समिट के दौरान परियोजना पर चर्चा की।

## पीओके में प्रदर्शनकारियों पर पाक सेना की गोलीबारी में गई है 27 लोगों की जान

# पाक के खिलाफ पीओके में बड़ी बगावत भारत ने उठाया संरा में नरसंहार का मामला

पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालात इन दिनों बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रदर्शनकारी समूह पाकिस्तानी प्रशासन के खिलाफ़ लामबंद हो रहे हैं। हाल में रावलकोट में पाकिस्तानी बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी के कुछ दिनों बाद आए हैं, जिसमें 27 लोग मारे गए हैं। इसके बाद यहां माहौल और गरमा गया है। भारत ने भी पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन का मामला संयुक्त राष्ट्र में उठाया है।

### प्रदर्शनकारी समूह पाकिस्तानी प्रशासन के खिलाफ़ हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की अफगानिस्तान में की गई एयरस्ट्राइक की कड़ी आलोचना की है। भारत ने इन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून और अफगानिस्तान की संप्रभुता का खुला उल्लंघन बताया। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से अफगान नागरिकों को भारी नुकसान हुआ है। भारत ने यूएनएएमए रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस साल के पहले 3 महीनों में 372 नागरिक मारे गए और 397 घायल हुए। नागरिकों पर हमले क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने इन घटनाओं की जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग का भी समर्थन किया। साथ ही हरिश ने कहा कि किस्तान नफरत की फैक्ट्री चला रहा है और धार्मिक शब्दों का इस्तेमाल कर भारत के खिलाफ दुश्मनी फैलाता है। सुरक्षा परिषद में भारत ने कहा कि वह हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ है और दुनिया को लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और दूसरे आतंकी संगठनों पर एकजुट कार्रवाई करनी चाहिए।

### झूठ फैला रहा पाकिस्तान

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान हटाने के लिए फ़ेक न्यूज़ और गलत जानकारी फैला रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने 'पाकिस्तान से आने वाली फ़ेक न्यूज़ और वीडियो का एक पैटर्न' देखा है। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने की एक हताश कोशिश है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर में पुलिस की कथित बर्बरता की खबरों का भी ज़िक्र किया और दावा किया कि रावलकोट में हालिया प्रदर्शनों के दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। आधिकारिक आंकड़ों में मरने वालों की संख्या 27 बताई गई है, वहीं सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो में दावा किया गया है कि हताहतों की संख्या इससे कहीं ज़्यादा हो सकती है।

### पीओके में 'मुनीर ने किया है नरसंहार'

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हिंसा की आग में झुलस उठा है, यहां विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर चल रहे संघर्ष ने बड़े जनआंदोलन और सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़प का रूप ले लिया है। स्थानीय संगठन जम्मू-कश्मीर जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने लगातार इन सीटों को रद्द करने की मांग उठा रहा है। आरोप है कि ये व्यवस्थाएं स्थानीय जनता के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कमजोर कर देती हैं और बाहरी प्रभावों को बढ़ावा देती हैं। विवाद तेज होने के बाद सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। लोग अभी भी सेन प्रमुख आसिम मुनीर और शहबाज सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे हैं।



### यह है विवाद की जड़

जेएएसी 12 सीटों को समाप्त कर स्थानीय लोगों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की मांग कर रहा है। संगठन का तर्क है कि इन आरक्षित पदों पर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित रहती है और लाभ कुछ विशेष परिवारों तक ही सीमित रहता है।

## नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले शिक्षा मंत्री पहुंचे एनटीए दफ्तर

# प्रधान बोले- दोषियों को मिले कड़ी सजा, पीएम खुद कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी से जुड़े विवादों और पुनर्परीक्षा की तैयारियों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की जा रही है। सरकार चाहती है कि इस घोटाले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। सरकार परीक्षा प्रणाली में हुई कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में अधिकारियों से मुलाकात के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### अनुबंध का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई संभव

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जिन संस्थाओं या पक्षों के साथ समझौते किए गए थे, उन्हें अपनी जिम्मेदारियां निभानी थीं, लेकिन उन्होंने अपने दायित्वों का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि इस पहलू की कानूनी समीक्षा के लिए मामला राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भेजा गया है। एनटीए यह जांच कर रही है कि संबंधित पक्षों के खिलाफ सिविल लायबिलिटी के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या नहीं।

### सीबीआई कर रही जांच

शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच फिलहाल सीबीआई के पास है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी को यह पता लगाना चाहिए कि इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था और किस स्तर तक इसकी पहुंच थी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि दोषियों को कानून के तहत कठोर दंड मिले और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को फिर से मजबूत किया जाए।

# पाकिस्तानी आतंकी भट्टी के पंजाब हरियाणा के 18 ठिकानों पर छापे

## एनआईए ने कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में बैठे आतंकी शाहजाद भट्टी से जुड़े आतंक-गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने पंजाब और हरियाणा के नौ जिलों में 18 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन से जुड़े अहम सबूत जब्त किए हैं। एनआईए के अनुसार, यह कार्रवाई शाहजाद भट्टी से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों की जांच के तहत की गई। छापेमारी के दौरान कई लोगों से पूछताछ भी की गई। जानकारी को इधर से उधर कैसे किया जा रहा था, संदिग्ध पैसे का लेन-देन कैसे हुआ जैसी जरूरी जानकारी भी जुटाई गई। जब्त की गई चीजों को फोरेंसिक और तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है, ताकि सीमा पार से चल रही बड़ी साजिश का खुलासा किया जा सके।




**पाकिस्तान से चला रहा नेटवर्क :** एजेंसी ने कुछ लोगों को नोटिस जारी कर आगे की पूछताछ के लिए जांच में शामिल होने को कहा है। गैंगस्टर से आतंकी बने शाहजाद भट्टी का नेटवर्क पाकिस्तान से संचालित हो रहा है और उसके सहयोगी पंजाब तथा हरियाणा में वारदात को अंजाम देने के लिए अभी भी काम कर रहे हैं।

### जालंधर और सिरसा में कराए धमाके

जांच में सामने आया है कि मार्च 2025 में पंजाब के जालंधर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले, नवंबर 2025 में हरियाणा के सिरसा महिला थाना परिसर में हुए विस्फोट और जनवरी 2026 में अंबाला के बलदेव नगर थाने में हुए कार बम विस्फोट की साजिश भी भट्टी ने रची थी। एनआईए ने कहा कि इन तीनों मामलों की जांच अभी जारी है और एजेंसी का लक्ष्य आतंकवादी हमलों से जुड़े पूरे नेटवर्क, फंडिंग चैनल और सीमा पार मौजूद साजिशकर्ताओं की पहचान कर उन्हें कानून के दायरे में लाना है।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 10 लोग गिरफ्तार

**दावणगेरे।** कर्नाटक के दावणगेरे में 41 वर्षीय महिला को कथित तौर पर मादक पदार्थ खिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना तीन जून की शाम को बसवापटना थाना क्षेत्र के एक गांव में घटी। पुलिस ने बताया हालांकि मामला आठ जून को तब सामने आया, जब आरोपियों द्वारा कथित तौर पर रिकॉर्ड किया गया महिला का एक वीडियो विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में साझा किए जाने के बाद 'वायरल' हो गया। पुलिस के मुताबिक, महिला की शिकायत के बाद प्राथमिकी में नामजद सभी 10 लोगों को इस घटना के संबंध में गिरफ्तार कर लिया गया।

हादसे की वजह अभी साफ नहीं

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में क्रैश हो गया अमेरिकी हेलिकॉप्टर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास एक अमेरिकी सैन्य हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। हालांकि, राहत की बात यह है कि एक सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए फ्लाइट पायलट व चालक दल को सुरक्षित निकाल लिया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मिडिल ईस्ट में क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर पहले से ही भारी तनाव है और अमेरिका-ईरान के बीच कायम नाजुक युद्धविराम कमजोर पड़ता दिख रहा है। घटना की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इस हेलिकॉप्टर हादसे ने क्षेत्र की सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा दिया है।



**यह कहा ट्रंप ने :** ट्रंप ने न्यूयॉर्क में बॉस्केटबॉल स्पर्धा एनबीए का फाइनल मैच देखने के बाद जॉन एफ. केनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पायलट सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, 'पायलट ठीक हैं। कोई घायल नहीं हुआ। हम कल एक रिपोर्ट जारी करेंगे। लेकिन पायलट सुरक्षित हैं।' पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ईरान द्वारा आवागमन के लिए बंद किए गए इस जलडमरूमध्य के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण मंगलवार सुबह तक स्पष्ट नहीं हुए।

### अपाचे है खास

अपाचे हेलीकॉप्टर अमेरिकी सेना के लिए ऐसे समय में एक प्रमुख परिसंपत्ति रहा है, जब ईरान के कच्चे तेल के टैंकरों पर नाकाबंदी लागू की जा रही है ताकि तेहरान पर समझौते के लिए दबाव बढ़े। संयुक्त अरब अमीरात ने भी ईरान युद्ध के दौरान ईरानी ड्रोनों को मार गिराने के लिए इन हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया है।

## छात्रा को रिफंड न देना पड़ा महंगा, उपभोक्ता आयोग ने दिखाई सख्ती

एयर लाइंस ने अतिरिक्त सामान के नाम पर वसूल लिए थे 34131 रुपये

# एअर इंडिया को देना होगा डबल से ज्यादा मुआवजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एअर इंडिया द्वारा अपनी 'महाराजा स्कॉलर स्कीम' का लाभ नहीं देने पर राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक छात्रा के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने एअर इंडिया को कुल 74131 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह मामला जयपुर निवासी लावण्या मैगन से जुड़ा है। साल 2021 में एयर इंडिया ने उनसे अतिरिक्त सामान (एक्सेस बैगेज) के नाम पर 34131 रुपये वसूल लिए थे। बाद में एअर इंडिया ने स्वयं स्वीकार किया कि छात्रा इस योजना के तहत छूट पाने की पात्र थी लेकिन इसके बावजूद उसे सालों तक रिफंड के लिए इंतजार करना पड़ा। न्यायिक सदस्य मुकेश और सदस्य दिनेश कुमार की पीठ ने लावण्या की अपील पर सुनवाई की। यह अपील फरवरी 2024 में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा दिए गए आदेश में मानसिक पीड़ा के लिए मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग को लेकर दायर की गई थी।




### शुरुआत इंकार, बाद में माना

शुरुआत में एअर इंडिया ने लावण्या मैगन की रिफंड मांग खारिज कर दी। एयरलाइन का कहना था कि उनके शैक्षणिक कार्यक्रम की अवधि और कोर्स पूरा होने की तारीख के आधार पर वह महाराजा स्कॉलर स्कीम की शर्तों के तहत पात्र नहीं थीं। एअर इंडिया ने 26 सितंबर 2021 को माना कि लावण्या को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए था लेकिन पात्रता स्वीकार करने और सभी जरूरी डिटेल्स लेने के बावजूद एयरलाइन ने उन्हें रकम वापस नहीं की।

### छात्रा के सामान भत्ते को लेकर विवाद

यह मामला एअर इंडिया की 'महाराजा स्कॉलर स्कीम' से जुड़ा है। इस योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रा करने वाले छात्रों को विशेष सामान (बैगेज) भत्ता देने का प्रावधान था। लावण्या मैगन यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) में पढ़ाई कर रही थीं। उन्होंने लंदन से भारत आने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-162 का टिकट बुक किया था। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि 21 जुलाई 2021 को फ्लाइट के लिए चेक-इन के दौरान एअर इंडिया ने उन्हें छात्र बैगेज योजना का लाभ देने से इंकार कर दिया। इसके बाद एयरलाइन ने अतिरिक्त सामान (एक्सेस बैगेज) शुल्क के रूप में उनसे 350 ब्रिटिश पाउंड (जीबीपी) वसूल लिए जो उस समय लगभग 34131 रुपये के बराबर थे। अतिरिक्त सामान शुल्क के रूप में यह राशि वसूली गई थी।

## कोर्ट में वकील बोले- गोली खान सर ने नहीं चलाई

# खान सर की गिरफ्तारी पर रोक हत्या की कोशिश का है आरोप

एजेंसी ▶▶| पटना

फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए। खान सर की तरफ से पेश हुए वकील अरविंद कुमार महुआर ने कोर्ट से कहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। किसी तरह से भय फैलाना मकसद नहीं था।



### यह है मामला

2 जून मंगलवार की रात्रि में खान सर के कोचिंग के पर मारपीट और फायरिंग की घटना सामने आई। दूसरे दिन पुलिस में इस मामले में ज्ञान विंदु कोचिंग के संचालक रौशन आनंद गिरफ्तार किया। इस मामले में वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें खान सर के दो गाड्र्स फायरिंग करते नजर आए। पुलिस ने बाद में उन दोनों गाड्र्स को भी गिरफ्तार किया और खान सर के खिलाफ भी गैर वारंटी एफआईआर दर्ज हुए हैं।




# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय



**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।



## लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई है। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

## टीवी मसाला



# टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता। वो सब कुछ खुद ही संभाल लेते हैं। भले ही मुझे बाजार के हिसाब से कमाई न हो (मजाक में), मुझे कोई शिकायत नहीं है।' अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने आगे बताया कि वह टीवी के रेगुलर सैलरी में बंधना नहीं चाहते।

## बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी। दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है।



लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता। कई बार सादगी और ईमानदारी ज्यादा गहरा असर छोड़ जाती है।'

# नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

मुंबई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के साथ शेयर की थी। इससे पहले



उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

# ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके



उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है।




# श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में



तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'। श्रद्धा कपूर ने यूजर को हेलमेट पहनने की सलाह दी है। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'ईथा' है। दर्शक काफी समय से इसका इंतजार कर रहे हैं।

# प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है।





चिंतन

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।

केंद्र के 12 वर्ष

नायब सिंह सैनी



# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा। इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

*(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास व वैश्विक नेतृत्व के 12 वर्ष



विचार

डॉ. रमन सिंह

10 जून 2026 भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की विजय है।

मुझे आज भी वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का वह उद्घोष याद है जब उन्होंने कहा कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 1984 में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास किया, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें भरोसा था कि यह संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा और फिर वर्ष 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक जनादेश ने उस विश्वास को साकार कर दिया। 26 मई 2014 को जब श्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्किराष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी जी द्वारा प्रारंभिक फैसलों में एक संकल्प था "स्वच्छ भारत अभियान"जिसे मैं मोदी जी की सबसे दूरदर्शी निर्णयों में से एक मानता हूँ।

15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए मुझे नरेंद्र भाई मोदी के साथ अनेक अवसरों पर काम करने और संवाद करने का अवसर मिला। मैंने उन्हें बहुत निकट से देखा है, एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुँचे मोदी जी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा के प्रतीक बन चुके हैं।

मुझे वह अवसर भी याद है जब छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई स्वयं उपस्थित हुए थे। उन्होंने तब भी कहा था कि गरीब का सम्मान और उसकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ही सुशासन का सबसे बड़ा आधार है। आज जब श्री मोदी जी के नेतृत्व में81 करोड़ से अधिक देशवासियों को निःशुल्क राशन मिल रहा है, तब उनकी वही संवेदनशील सोच राष्ट्रीय नीति का रूप ले चुकी है।

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 60 करोड़परिवारों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर प्राप्त हुए हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे पहुँची है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक आर्थिक सुधारों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीतियों का प्रतिफल है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। यह केवल विकास दर का विषय नहीं, बल्कि विश्व समुदाय द्वारा भारत और उसके नेतृत्व पर व्यक्त किए जा रहे बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।



प्रधानमंत्री मोदी जी की एक बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने आर्थिक विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहने दिया। उनके नेतृत्व में विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आंकलनों के अनुसार पिछले वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह उपलब्धि करोड़ों परिवारों के जीवन में आए उस सकारात्मक परिवर्तन की कहानी है, जहाँ सरकारी योजनाएँ कागजों से निकलकर लोगों के जीवन का हिस्सा बनीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से भी जोड़ा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, उज्जैन में महाकाल लोक का सृजन और चारधाम परियोजना जैसे कार्य केवल अधोसंरचना विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं।

वर्ष 2014 से पहले जब देश पर आतंकवादी हमले होते थे, तब देशवासी केंद्र सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते थे, लेकिन अक्सर उन्हें निराशा ही हाथ लगती थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सीमित प्रतिक्रियाओं तक ही दिखाई देता था लेकिन 2014 के बाद यह तस्वीर बदली तो इसका कारण सिर्फ मोदी जी की नीतियां हैं। कश्मीर को धारा 370 के जाल से निकालकर भारतीय संविधान की मर्यादा में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय श्री मोदी जी द्वारा असंभव को संभव करने का एक अद्भुत उदाहरण है। इसके साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक नीति ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। वहीं दशकों से भारत माता की पीड़ा बने नक्सलवाद को समूल नाश करने के लिए श्री मोदी जी के प्रभावी अभियानों ने 'नक्सल मुक्त भारत'के लक्ष्य को न सिर्फ साकार किया है बल्कि कभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी किया है प्रधानमंत्री मोदी जी ने न केवल देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, बल्कि वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सैनिकों के त्याग और समर्पण का सम्मान करते हुए सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाकर यह संदेश दिया है कि देश की सुरक्षा में जुटा प्रत्येक जवान केवल सीमा का प्रहरी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

श्री मोदी जी ने अपने वादों को पूरा करते हुए देश का विश्वास जीता है, इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने केवल चुनावी सफलताएँ ही प्राप्त नहीं की हैं, बल्कि देश के राजनीतिक भूगोल को भी नई दिशा दी है। पिछले एक दशक में भाजपा का संगठनात्मक विस्तार अभूतपूर्व रहा है। आज देश के 22 राज्यों में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं,1700 से अधिक विधायक, लोकसभा में 240 सांसद और राज्यसभा में 113 सांसद करोड़ों देशवासियों के उस विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी राजनीति के प्रति निरंतर मजबूत हुआ है।

वास्तव में राजनीतिक सफलता का यह विस्तार प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का ही प्रतिबिंब है। यही विश्वास उन्हें आज भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने लगातार निर्वाचित कार्यकाल के 4399 दिन पूर्ण कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। यह उपलब्धि केवल किसी व्यक्ति या दल की विजय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भारत में जनता द्वारा बार-बार व्यक्त किए गए विश्वास की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है।

जब मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल को देखता हूँ, तो मुझे यह केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण का कालखंड दिखाई देता है। गरीब कल्याण से लेकर आर्थिक प्रगति तक, अधोसंरचना निर्माण से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर वैश्विक नेतृत्व तकहर क्षेत्र में भारत ने नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया है।

एक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चौथे कार्यकाल के दौरान भारत विकसित राष्ट्र बनने की अपनी यात्रा को और अधिक गति देगा। देश की जनता ने पिछले वर्षों में जिस नेतृत्व, नीयत और परिणामों को देखा है, वह विश्वास आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत न केवल विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में शामिल होगा, बल्कि 21वीं सदी में मानवता को दिशा देने वाले राष्ट्र के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा।

*-अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा*
*पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़*

## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित

दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## किंगफिशर



असम के नागांव जिले में मंगलवार को एक पेड़ की टहनी पर दो भूरे गले वाले किंगफिशर बैठे दिखे।

## आज की पाती

### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *– मेघनाथ साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

### भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का 'हल्का विस्तार' किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।



## ऑफ बीट

### तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4.5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।




## ट्रेंड

### दयनीय स्थिति



बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### हिंदू व्यापारियों पर रेड



आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को संरक्षण



रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।
- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### गैर-जरूरी मुद्दे



एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?
- **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# शासन -नागरिकों के बीच निरंतर संवाद से समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में विभिन्न आवासीय कॉलोनियों एवं हाउसिंग सोसायटियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर क्षेत्र की विभिन्न आवासीय परियोजनाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपनी-अपनी कॉलोनियों से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री श्री चौधरी ने सभी प्रतिनिधियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक परीक्षण कर व्यवहारिक एवं विधिसम्मत समाधान की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर शहरी अधोसंरचना, पारदर्शी प्रशासन एवं नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए शासन प्रतिबद्ध है। आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा।

## आवास एवं पर्यावरण मंत्री की विभिन्न आवासीय कॉलोनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

### राज्य में पहली बार सोसायटी प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद

बैठक के दौरान आवासीय समितियों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि संभवतः छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार आवास एवं पर्यावरण मंत्री द्वारा आवासीय सोसायटियों के प्रतिनिधियों के साथ इस प्रकार का प्रत्यक्ष संवाद आयोजित किया गया है। उन्होंने इसे राज्य ही नहीं, बल्कि देश के लिए भी एक अनुकरणीय पहल बताया। बैठक में प्रतिनिधियों ने रियल एस्टेट परियोजनाओं, नागरिक सुविधाओं, रेरा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित परियोजनाओं के हस्तांतरण तथा संस्थागत सुधारों से जुड़े विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही आवासीय समितियों को सशक्त बनाने, आवास मितान डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने, सलाहकार समिति गठित करने तथा बड़े आवासीय परिसरों में मतदान सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।





### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश आयुक्त अवनीश शरण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही पार्थिव पैसिफिक, कुबेर सोसायटी, सिटी ऑफ ड्रीम्स, आनंदम वर्ल्ड सिटी, पाम बेलाजियो, साई वाटिका, अविनाश सनसिटी, मारुति लाइफस्टाइल, अविनाश सिग्नेचर होम्स, रालास एन्क्लेव, क्रेस्ट ग्रीन्स, सिंगापुर सिटी, सैफायर ग्रीन्स, लास विस्टास, जैनम हाइट्स, पार्थिवी प्रोविंस, बरसाना एन्क्लेव, गैलेक्सी आईलैंड, सृष्टि पैलाजो एवं क्रॉसविंड्स सहित विभिन्न आवासीय परियोजनाओं के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

### जनसहभागिता से मिलेगी शहरी विकास को नई गति

मंत्री श्री चौधरी ने आवास विभाग, नगरीय निकायों, रेरा, बिल्डर संगठनों तथा रहवासी कल्याण संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित समय-समय पर स्टेकहोल्डर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। ताकि विभिन्न पक्षों के बीच सतत संवाद स्थापित हो तथा समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचना विकास, सड़क, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि शासन और नागरिकों के बीच निरंतर संवाद से समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है तथा जनसहभागिता से शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने वापस लिया नियमितीकरण संबंधी फैसला



**बिलासपुर।** चिकित्सकों द्वारा नियमितीकरण की मांग करते हुए दाखिल याचिका में फर्जी सर्कुलर पेश कर दिया, हाईकोर्ट इस सर्कुलर के आधार पर नियमितीकरण करने का आदेश जारी कर दिया, बाद में चिकित्सकों द्वारा रिव्यू पिटीशन दाखिल किए जाने के बाद हाईकोर्ट ने उक्त आदेश को वापस ले लिया है। मामला सामने आने के बाद कोर्ट ने अपना पुराना फैसला निरस्त कर याचिका दोबारा सुनवाई के लिए बहाल कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो चिकित्सकों ने नियमितीकरण की मांग करते हुए दायर याचिका के साथ राज्य सरकार का एक फर्जी सर्कुलर पेश कर दिया था। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने दोनों संविदा चिकित्सकों को नियमितीकरण का आदेश जारी कर दिया था।

नियमितीकरण के तकरीबन पांच महिने बाद चिकित्सकों को पता चला कि उनके द्वारा हाईकोर्ट में पेश किया गया राज्य सरकार का सर्कुलर फर्जी है। चिकित्सकों ने अपनी गलती का अहसास होते ही हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर किया। रिव्यू पिटीशन में कोर्ट को सब कुछ बताया और इसके लिए माफी भी मांगी। हाईकोर्ट ने पुराना आदेश वापस लेते हुए मुख्य याचिका को दोबारा सुनवाई के लिए बहाल कर दिया है।

## प्रशासन और पुलिस की योजनाओं और कड़ाई से मिली सफलता

# दुर्ग जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों में आई 27.12 फीसदी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में पिछले पांच महीने में जिले में सड़क दुर्घटना में मौत के आंकड़ों में 27.12 प्रतिशत की कमी आई है। ऐसा माना जा रहा है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही संयुक्त कार्रवाई के चलते ये मुमकिन हो पा रहा है।

### मौतों का आंकड़ा 177 से घटकर पहुंचा 127 पर

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में नियमित रूप से हो रही बैठकों और 'डेथ ऑडिट' जैसे कड़े कदमों के कारण यह सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। यातायात विभाग से मिली जानकारी के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में जनवरी से मई के बीच सड़क दुर्घटनाओं में जहां 177 लोगों की असमय मौत हुई थी, वहीं वर्ष 2026 में यह आंकड़ा घटकर 127 रह गया है। इसके अलावा कुल घायलों की संख्या भी 520 से घटकर 515 पर आ गई है। सबसे बड़ी राहत मई के महीने में मिली, जहां पिछले साल की 23 मौतों के मुकाबले इस साल केवल 17 मौतें दर्ज की गईं हैं।




### घातक दुर्घटना का 'डेथ ऑडिट'



जिले में घटित होने वाली प्रत्येक गंभीर सड़क दुर्घटना के बाद मोटरयान अधिनियम की धारा 135 के तहत घटना स्थल का विशेष निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम, पुलिस, परिवहन विभाग और सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके पर जाकर 'डेथ ऑडिट रिपोर्ट' तैयार करते हैं। इसके तहत रोड इंजीनियरिंग की कमी, इनफोर्समेंट की कमी या विजिबिलिटी की समस्या का विस्तृत विश्लेषण कर तत्काल सुधारात्मक उपाय जैसे- रम्बल्ड स्ट्रीप, क्रश बैरियर, रेडियम रिफ्लेटर टेप और झाड़ियों की कटाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटना में काफी कमी आई है।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी, दुर्ग

### 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का असर

दुर्ग कलेक्टर के आदेश पर जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' के नियम को कड़ाई से लागू कराया जा रहा है। आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई के लिए पत्राचार किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह चालकों के खिलाफ भी इस साल रिकॉर्ड तोड़ चालानी कार्रवाई की गई है। बिना हेलमेट वाहन चालने पर वर्ष 2025 में जहां महज 5,648 प्रकरण बने थे, वो इस वर्ष 28 मई तक 34,766 प्रकरण बनाकर 1.73 करोड़ से अधिक का समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाना) के मामलों की बात की जाए तो पिछले साल 441 मामलों की तुलना में इस साल 1,393 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया। इनसे 3.46 करोड़ रुपये से अधिक का समन शुल्क वसूला गया है।

## रेलवे की डिजिटल सेवाएं होंगी अपग्रेड यूटीएस ऐप से टिकट बुकिंग रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




रेलवे की डिजिटल सेवाओं को और अधिक उन्नत बनाने के लिए अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली यूटीएस में आवश्यक तकनीकी रखरखाव और कैशिंग गतिविधि की जा रही है। इसके तहत 10 जून 2026 की मध्यरात्रि रात 23:50 बजे से 00:20 बजे तक सिस्टम में निर्धारित तकनीकी कार्य किया जाएगा। बता दें कि 9 जून को भी 30 मिनट निर्धारित रूप से प्रभावित रहा। रेलवे के डिजिटल आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस कार्य के कारण कुछ डिजिटल सेवाएं आधे घंटे के लिए अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी।

- आज रात तकनीकी कार्य से 23:50 से 00:20 बजे तक सेवाएं रहेंगी अस्थायी रूप से बंद

### तकनीकी कार्य पूरा होते ही सेवाएं होंगी बहाल

तकनीकी कार्य पूर्ण होते ही रात 00:20 बजे के बाद सभी प्रभावित सेवाएं तत्काल पुनः सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस आधे घंटे की तकनीकी अवधि को ध्यान में रखते हुए अपनी टिकट बुकिंग और आर-वॉलेट रिचार्ज की योजना पहले ही सुनिश्चित कर लें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रेल प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन कार्य के दौरान यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

### नई बुकिंग और वॉलेट रीचार्ज नहीं होगा

रेल प्रशासन के अनुसार, इस निर्धारित आधे घंटे की अवधि के दौरान 'रेलवन यूटीएस' के माध्यम से नई टिकट बुकिंग और सीपीएस के जरिए आर-वॉलेट को रीचार्ज करने की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। हालांकि, रेलवे ने यात्रियों को राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि जिन यात्रियों के आर-वॉलेट में पहले से पर्याप्त शेष राशि उपलब्ध है, वे उस राशि का उपयोग करते हुए अपनी टिकट बुकिंग सामान्य रूप से कर सकेंगे।

## पीड़िता की शिकायत पर कथावाचक नरेंद्र गिरफ्तार, जेल दाखिल

**महासमुंद।** कथित यौन उत्पीड़न के मामले में बागबाहरा पुलिस ने रायपुर जिले के सिलयारी निवासी कथा वाचक नरेंद्र शास्त्री को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कथा वाचक को जेल भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कथा वाचक के खिलाफ शिकायत के बाद से मामला हाईप्रोफाइल हो गया था। कथा वाचक को गिरफ्तार करते हुए बकायदा मुलाहिजा कराने के बाद जेल दाखिल कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी कथा वाचक के खिलाफ धारा 376(2)(j), 376(2)(n), 376(2)(m) के तहत कार्रवाई की गई है।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS मस्सा नाशक

# दुर्ग के सिविल सर्जन, तीन डॉक्टर और 6 कर्मचारी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टेशन मरोदा निवासी सिकलिंग पीड़ित 22 वर्षीय दीपिका गाड़ा की मौत मामले में प्रशासनिक जांच टीम ने 10 लोगों को नोटिस थमाया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज, तीन डॉक्टर, तीन स्टॉफ नर्स, दो लैब टेक्नीशियन को नोटिस भेजकर दो दिन में जवाब मांगा है। नोटिस मंगलवार को इन लोगों को तामिल हुआ। जांच टीम की प्रमुख अपर कलेक्टर योगिता देवांगन ने सभी पक्षों के बयान लेने के बाद यह नोटिस भेजा है। दो दिन के भीतर यानी 10 जून तक नोटिस का जवाब मांगा है।

- सिकलिंग पीड़ित दीपिका की मौत मामला

**स्टॉफ की भी लापरवाही तय :** जांच टीम को दिए बयान में स्टॉफ नर्स और ब्लड बैंक के मौजूदा स्टॉफ की लापरवाही भी सामने आई है। यह साफ हो गया है कि कि ब्लड सेंपल लेकर दीपिका के पिता नहीं आए थे इसलिए उन्हे सेंपल लाने कहा गया लेकिन वे दोबारा नहीं आए। जबकि दीपिका के माता.पिता का कहना है कि एक्चेंज डोनर लाने पर ही ब्लड देंगे यह कहा गया। इसलिए दीपिका को ब्लड नहीं चढ़ पाया और उसकी मौत हो गई।


सिकलिंग पीड़ितों को निःशुल्क ब्लड चढ़ाने की योजना का बुरा हाल
डोनर नहीं होने पर सिकलिंग पीड़ित युवती को नहीं चढ़ाया ब्लड, मौत
जिला अस्पताल में हुई लापरवाही परिजनों ने कलेक्टर से की शिकायत

### इन डॉक्टरों को नोटिस

जांच के बाद सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज के साथ तीन डॉक्टरों को नोटिस भेजा गया है। इन डॉक्टरों में जिला अस्पताल डॉ. निखिल अग्रवाल, मृतिका दीपिका गाड़ा का इलाज कर रहे डॉ. सन्नी डेविड और डॉ. तृप्ति तिवारी शामिल हैं। टीम ने जांच के दौरान ब्लड बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। तब यह पुष्टि हुई थी कि भर्ती के दौरान मृतिका के पिता मन्नूराम ब्लड बैंक अपनी बेटी दीपिका के लिए ब्लड लेने आए थे। इसके पहले यानी जिस दिन दीपिका की मौत हुई उस दिन सीएमएचओ डॉ. एके मिंज ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. जेपी मेश्राम से पूछताछ की थी तो उन्होने परिजनों के आने से साफ इनकार किया था। इस तरह इतने बड़े संवेदनशील मामले में लीपापोती की कोशिश की गई।

### कार्रवाई नहीं होने पर दोबारा कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

दीपिका के मौत मामले में पिछले बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। गंभीर लापरवाही करने वालों पर अपराध दर्ज करवाने और कड़ी कार्यवाही की मांग की है। व्यवस्था की संपूर्ण समीक्षा कर जवाबदेही तय नहीं होने और दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में कांग्रेस दोबारा से उग्र आंदोलन प्रबंधन के खिलाफ करने की चेतावनी दी है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# नारी जीवन एक क्रांति के रूप में लोक नाट्य देवार डेरा

लोक नाट्य
डॉ. राजन यादव



देवार डेरा नारी जीवन के सौंदर्य और विसंगति पर लिखी गई एक गीत कथा है, एक ऐसी कहानी जो घूँघरूओं में हंसती है, गीतों में रोती है और संगीत में सिसक उठती है। जिंदगी की हर घटना उसके जीवन तारों पर चोट करती है और वह हंसते हंसते रो पड़ती है। इसीलिए देवार डेरा नारी जीवन पर है, केंद्र पर है। गृह की ओर इस तरह समाज की चेतना का केंद्र नारी जीवन है। उस केंद्र पर क्रांति आए बिना, समाज करवट नहीं लेगा। अंधेरा, उजाला हो जाएगा, केंद्र जगमग होगा तो उसकी परिधि भी जगमगाएगी। घर, समाज, समय, सारे देश की परिधि में मिसाइली गड़गड़ाहटों से क्रांति नहीं आई। आई एक कुंठा -कौन जाने, संगीत के सुरों से शायद वह आए -एक क्रांति, एक ज्योति -स्नेह की, प्रेम की, जीवन की, उसकी गरिमा और ममता के आनंद की -इसी आशा में सर्जित है यह -देवार डेरा।



गांव की कहानी
पूरन सिंह सिदार

## ऐतिहासिक महत्व के गांवों में गौरटेक गढ़



सराईपाली से पश्चिम दिशा की ओर लगभग 10 कि मी की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 6 के उत्तर दिशा me गौरटेक नामक प्राचीन ग्राम है। इस ग्राम में पहले भैना, कुर्मी, संवरा, गोंड जाति का निवास था। प्रतीत होता है कि पूर्व में भैना राजवंश का कोई शक्तिशाली सामंत ने इस ग्राम को अपना मुख्य केंद्र बनाया होगा। भैना शासन काल में पूरा फूलझर राज्य 18 गढ़ो में विभाजित था, जहां भैना शासक लोग शासन करते थे। इन 18 गढ़ो में से गौरटेक भी एक प्रमुख एवं महत्वपूर्ण गढ़ रहा होगा। यह गढ़पति अपने आप में एक स्वतंत्र अस्तित्व रखते थे, किन्तु युद्ध काल में एक दूसरे का सहयोग करते थे। गोंड आक्रमण के समय इन गढ़ो में शासन करने वाले कुछ अंतिम भैना सामंत राजाओं का अल्प उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि यहां के राजा का नाम गौरचरण अथवा गौरचंद्र रहा होगा, जो अपभ्रन्स होकर कालांतर में गौरटेक हो गया।

# समृद्ध रहा सिरकट्टी का बंदरगाह

पुरातात्विक
ढालसिंह देवांगन

छत्तीसगढ़ अंचल का राजिम सांस्कृतिक पुरा वैभव से समृद्ध रहा है। यहां सिरकट्टी का बंदरगाह 10कि मी पैरी नदी में पहली प्रस्तर काटकर चैनल निर्मित है। मानव निर्मित बंदरगाह लीलर और सिरपुर आदि स्थल पर है। यहां पर मध्य आकार के पानी जहाज के आने जाने के प्रमाण प्राप्त होते हैं। जिनसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से व्यापार मार्ग के रूप में 6 वीं सदी ई पू से यहां का व्यापारिक सम्बन्ध था, क्योकि राजिम एक पूर्णतः विकसित और लोकप्रिय शहरीकरण के लिए प्रसिद्ध था। इसका माल सिरकट्टी से अन्य स्थलों को आयात निर्यात किया जाता था। यहां के उत्खनन से समस्त साक्ष्य प्रमाणित करते हैं कि शहरीकरण नष्ट होने के कारण नदी के बाढ़ का बहाव है, क्योकि यहां के संरचनाओं में बाढ़ के प्रणाम स्पष्ट दिखाई देते हैं। नदी की ओर प्रस्तर एवं ईट निर्मित दीवार राजिम शहर की सुरक्षा हेतु निर्मित है। स्तम्भ, कलात्मक प्रस्तर खंड, मंदिर के ध्वसावशेष से पुनः उपयोग कर राजीव लोचन मंदिर एवं अन्य मंदिर स्थापित किए गए। लगभग 12वीं सदी में राजिम बाढ़ के प्रकोप से परेशान था, तब नदी किनारे वृक्ष एवं ईट, पत्थर की लम्बी दीवारें खड़ी कर बाढ़ के पानी को रोकने का प्रयास किया गया। जिससे सभ्यता को क्षति पहुंचाने से बचाई गई।



पुस्तक समीक्षा

## प्रकृति अउ मनखे




कृति के नाव
प्रकृति अउ मनखे
लेखक
सुधा वर्मा
प्रकाशक
सर्वप्रिय प्रकाशन दिल्ली
पुस्तक समीक्षा
चंपेश्वर गोस्वामी
मूल्य
दू सौ

लेखक के कृति म नवा प्रयोग होय हे। जेमा प्रकृति संग मनखे के जीवन म उपयोगी दिशा अउ दशा ल चित्रित करे गेहे। येला एक तरह ले संवाद के रूप म बिषय वस्तु ल रखे गेहे। जेमा आवव घूमन देवबलौदा म विस्तार ले देवबलोदा के धार्मिक महत्व, रामचंद्र देशमुख के लोक कला यात्रा, आत्मानंद जी के आध्यात्मिक पक्ष प्रकृति अउ मनखे म दूनो के बीच प्राकृतिक सौंदर्य संग दिनचर्या के व्यवस्था, मिंझरा म सबके बीच व्यवहारिक सामंजस्य, कोदूराम वर्मा के शब्दभेदी बान- करमा नृत्य ल उजागर, येकर संग दामाखेड़ा के धार्मिक पहलू संग आंचलिक मेला कतको विषय ल अपन पुस्तक के माध्यम ले आगू लाय के बने प्रयास होय हे। पाठक मन बर एक तरह ले नवा प्रयोग ए पुस्तक म देखे जा सकत हे।

जनजाति विशेष : डा. पी. सी. लाल यादव

# कान फूंक कर शिष्य बनाते हैं गोसाई जाति के लोग





छत्तीसगढ़ में गोसाई जाति का निवास है। यह अक्सर गांव में कान फूंकते और शिष्य बनाते हैं। इनका मुख्य कार्य भिक्षा मांगना है। यह लोकगाथा और भजन गायन में निपुण होते हैं। गांव गांव घूमकर श्रवण कुमार, राजा हरिश्चंद्र, राजा मोरध्वज की गाथा तम्बूरे की तान पर गाते हैं। मुख्य ताल वाद्य के लिए खंजेरी बजाते हैं। छत्तीसगढ़ में खंजेरी में गाया जाने वाला लोकप्रिय भजन -

सिरी कृष्ण लाज रख मेरी
मैं सरन पड़ी हूं तेरी
दुर्योधन कपट चलाया
सब पांडव राज हराया जी
मुझे बीच सभा में घेरी
मैं सरन पड़ी हूं तेरी
दुशासन हाथ पसारे
मेरे तन से चीर उतारे जी
सब लोग खड़े चहु फेरी
मैं सरन पड़ी हूं तेरी।

लोक साहित्य
सरला शर्मा

## छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य के मुहखरा रूप



छत्तीसगढ़ी साहित्य के दू ठन रूप पाए जाथे पहिली मुहखरा जेखर विकास लिपि के विकास के पहिली सभ्यता के विकास के संगे संग होय रिहिस, इही पाय के एकर लिखित इतिहास आजो नई मिलय। एक पीढ़ी ले दूसर पीढ़ी, एक मुंह ले दूसर मुंह बगरत मुंहखरा साहित्य बढ़त गिस। लोरी गीत घलव ह इही परंपरा के साहित्य गीत आय। छत्तीसगढ़ी लोरी के जन्म के इतिहास नई जानन। अतका कहे जा सकत हे कि सीरीफ छत्तीसगढ़ी लोरी भर नहीं भलूक संसार के पहिली महतारी हर जब अपन लइका ल भूलवारे बर, खेलाय बर, सुताये बर जौन किसम ले गुनगुनाय रिहिस होही उही हर पहिली लोरी रिहिस होही। महतारी तो जानथे कि लइका सुतही तभे तो बाढ़ही। ऐति लइका चीटिक अउ बाढ़ जाथे त ओकर बर झूलिया डारे बर परथे, झूलिया लइका सुत जाथे, ए बेरा महतारी ह गाथे -

चन्दन के पलना रेशम के डोरी
झूलना झूलावत हे नंद के रानी
सोये हे बाल गोपाल
पइया परय मैया देवी देवता के
आ जा निनी दाई आ जा ना ओ
जुग जुग जियत नन्दलाल
आ जा निनी दाई आ जा ना ओ।

सुरता: डा. महेशचंद्र शर्मा

# आचार्य सदाशिव दास शर्मा को मिली अभिनव कालिदास उपाधि

काशी की पंडित मंडली ने आपकी प्रतिभा और काव्य कौशल से प्रभावित होकर अभिनव कालिदास की उपाधि दी। वाराणसी से शिक्षा ग्रहण कर रायगढ़ वापस लौटने पर रायगढ़ नरेश चक्रधर सिंह ने आपकी प्रतिभा को देखते हुए 1938 में अपने राजदरबार में विधिवत राज पंडित के पद पर रखे। पंडित जी ने कुछ समय तक नटवर स्कूल तथा जुबली संस्कृत विद्यालय में अध्यापन कार्य किए। रायगढ़ पुरातत्व एवं संस्कृति सम्बन्धी इतिहास लेखन में भी आपकी विशेष रूचि रही।

छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के पडीगांव में 24 जून 1906 में ज्योतिष एवं कर्मकांड के उदभट विद्वान प. भुवनेश्वर दास के पुत्र के रूप में बालक सदाशिव का जन्म हुआ। आपको व्याकरणचार्य एवं वेदांत शास्त्र की परीक्षा में स्वर्ण पदक भी मिला। काशी की पंडित मंडली ने आपकी प्रतिभा और काव्य कौशल से प्रभावित होकर अभिनव कालिदास की उपाधि दी। वाराणसी से शिक्षा ग्रहण कर रायगढ़ वापस लौटने पर रायगढ़ नरेश चक्रधर सिंह ने आपकी प्रतिभा को देखते हुए 1938 में अपने राजदरबार में विधिवत राज पंडित के पद पर रखे। पंडित जी ने कुछ समय तक नटवर स्कूल तथा जुबली संस्कृत विद्यालय में अध्यापन कार्य किए। रायगढ़ पुरातत्व एवं संस्कृति सम्बन्धी इतिहास लेखन में भी आपकी विशेष रूचि रही। रायगढ़ के ध्वँसावशेष नामक कृति आज भी इस क्षेत्र के जिज्ञासुओं के लिए प्रेरणा स्वरुप मार्गदर्शन और सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में मान्य है। छत्तीसगढ़ की इस संस्कृत विभूति की सेवा और ख्याति केवल यहीं तक सीमित नहीं रही, अपितु उन्होंने निकटवर्ती पड़ोसी ओड़िशा राज्य के बलांगीर, बालेश्वर और पूरी में प्रोफेसर के रूप में सेवाएं देकर कौशल और कलिंग की अभिन्नता को पुनः प्रमाणित किया। आपके लेखों का प्रकाशन पत्र पत्रिकाओं में भी होता रहा। संस्कृत की अनेक रचनाओं को आपने सृजित किया जिनका उल्लेख आज भी होते रहते हैं। अंत में बैकुंठपुर मुहल्ले में रहते हुए बैकुंठ के लिए महाप्रस्थान किया, अर्थात 1972 में यहीं आपका स्वर्गवास हो गया।



लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

# भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने मोदी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं और उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4,399 दिनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। नेहरू का 1952 के आम चुनाव के बाद निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिनों का कार्यकाल रहा था। नेहरू का कार्यकाल 1947 से 1952 तक एक अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में था क्योंकि 1952 तक चुनाव नहीं हुए थे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कार्यकाल 14 वर्ष का था, जो मोदी के कार्यकाल से अधिक है, लेकिन उनका प्रधानमंत्री पद निर्बाध नहीं था। बता दें, मोदी ने 26 मई, 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। इसके बाद 2019 से दूसरा कार्यकाल और अब तीसरा कार्यकाल नौ जून, 2024 को शुरू हुआ है।

- सरकार के 12 साल पूरे होने पर आज होगी एनडीए की बैठक

## आज होगी बैठक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 12 साल पूरे होने पर भारत मंडपम में होने वाली बैठक में राजग शासित सभी 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, साथ ही गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित होने की संभावना है।

## विश्व के नेताओं ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबसे लंबे समय तक भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री होने की उपलब्धि हासिल करने पर दुनिया भर के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका ने प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने श्रीलंका सहित भारत की सीमाओं से परे भी कई लोगों को प्रेरित किया है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने एक व्यक्तिगत वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी को 'एक आदर्श और नेतृत्व का उदाहरण' बताया। त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मामलों पर एक अग्रणी आवाज के रूप में उभरा है।

### युद्ध से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने की कुवैत के अमीर से बातचीत

# पश्चिम-एशिया के हालात पर चर्चा कुवैत पर हुए हमलों की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर समूचे खाड़ी क्षेत्र में एक बार फिर से गहराते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल जाबेर से टेलीफोन पर बातचीत की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच क्षेत्र में बने हुए सुरक्षा हालातों में हुए बदलावों को लेकर चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस वार्ता के दौरान कुवैत के अमीर के समक्ष इलाके में बढ़ते तनाव को लेकर गंभीर रूप से चिंता जताई और कुवैत की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा करने के अपने पक्ष को मजबूती के साथ दोहराया है।



## इस प्रकार से आएगी तनाव में कमी

पीएम ने कहा कि इलाके में शांति-स्थिरता की बहाली सिर्फ और सिर्फ बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही हो सकती है। ऐसे में भारत इस संबंध में अपने आह्वान को पुनः दोहराता है। उन्होंने कुवैत में बड़ी तादाद में रहने वाले भारतीय समुदाय की निरंतर भलाई और सुरक्षा पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने के लिए अमीर को धन्यवाद भी दिया है।

## कुवैत में हुई मप्र. के एक व्यक्ति की मौत

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख अल जाबेर के बीच यह संवाद बीते दिनों ईरान द्वारा खाड़ी के इस महत्वपूर्ण देश के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर किए गए ड्रोन हमले के बाद हुई है। जिसमें एक भारतीय की मौत हो गई थी। जबकि एक दर्जन से ज्यादा देश के लोग घायल हो गए थे। सूत्रों ने 9 जून को बताया कि कुवैत में ईरान के हमले में मारा गया भारतीय नागरिक मध्य-प्रदेश का रहने वाला था। इस घटना के वक्त वह हवाईअड्डे पर अपनी फ्लाइट के इंतजार में था। जिसके जरिए उसे स्वदेश लौटना था। हमले से ठीक पहले उसने अपने परिवार से भी बातचीत की थी।

## 13 से 19 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 19 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको ने आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि पीएम मोदी की इस दो देशों की विदेश यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव फ्रांस होगा। जहां पर वह दो भागों में अपनी यात्रा को पूरा करेंगे। 14 जून को नीस में प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों शीर्ष नेता भारत, फ्रांस की द्विपक्षीय साझेदारी से जुड़े हुए सभी जरूरी पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। जिसे इस वर्ष के दौरान विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील किया गया है।

### जी-7 से इतर होगी मोदी-ट्रंप वार्ता

मंत्रालय ने कहा कि पीएम अपनी यात्रा के दौरान फ्रांस के ईवान में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान वह समूह के अन्य देशों के नेताओं, वैश्विक संगठनों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा कर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। यहां बता दें कि जी-7 सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल होंगे। ऐसे में बहुत संभावना है कि सम्मेलन से इतर भारत और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों के बीच भी एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हो सकती है।

### 1993 के बाद पीएम की पहली स्लोवाकिया यात्रा

मंत्रालय ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री 14 से 16 जून तक स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर उनके देश की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह वर्ष 1993 में स्लोवाकिया को मिली आजादी के बाद की जा रही किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। पिछले साल अप्रैल 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा की गई स्लोवाकिया की यात्रा और उसके बाद इस साल फरवरी में नई दिल्ली में हुए एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर की गई स्लोवाकिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की यह यात्रा हो रही है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको के साथ पीएम मोदी की वार्ता होगी।

# सदनों में व्यवधान गंभीर चुनौती : बिरला

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीज़न ज़ोन-II (नॉर्थ ज़ोन) के द्वितीय सम्मेलन के समापन समारोह को चंडीगढ़ में संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदनों का बार-बार बाधित होना और व्यवधान उत्पन्न होना लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने इस समस्या का समाधान विधायी संस्थाओं के भीतर जनअपेक्षाओं के अनुरूप आचरण, संवाद और सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने में निहित है।

**अमृतसर। अमृतसर स्थित श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला जब सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।


## एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
''खनिज भवन'', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन: L13100TG1958GO1001674

### परिवर्तन एवं नवाचार विभाग, पूर्व-निविदा बैठक सूचना, दिनांक 10.06.2026

एनएमडीसी लिमिटेड, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक ''नवरत्न'' सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, एनएमडीसी साझेदारी नीति (एनपीपी) के तहत बॉट-हैम आधार पर आवंटित की जाने वाली तीन लौह अयस्क परिवहन निविदाओं के लिए 19.06.2026 से 26.06.2026 तक आयोजित होने वाली पूर्व-निविदा बैठक में अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू बोलीदाताओं को आमंत्रित करती है।

**पूर्व-निविदा बैठक का स्थान:** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से।

बैठक का संक्षिप्त एजेंडा, कार्यक्षेत्र का प्रारंभिक विवरण, समय सारिणी, परियोजना स्थल आदि जैसी जानकारी प्राप्त करने के लिए, बोलीदाता एनएमडीसी की वेबसाइट http://www.nmdc.co.in पर जा सकते हैं।

इसके अलावा, किसी भी प्रश्न के लिए, बोलीदाता निम्नलिखित अधिकारियों से सीधे या ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं:
1. श्री संदीप मिश्रा, डीजीएम (आईई); ईमेल: sandeepmishra@nmdc.co.in
2. श्री जी कृष्णदास, प्रधान सलाहकार (प्रक्रिया), डीएमटी; ईमेल: krishnadas.g@dmt-group.com

कार्यकारी निदेशक (टी एंड आई)



## बिहार सरकार
### समाहरणालय, कैमूर
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना

(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात किये गये वाहनों की (अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कैमूर जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में समाहर्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, कैमूर के न्यायालय एवं विभिन्न वरीय उप समाहर्ता के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राज्यसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction)" जहाँ है, जैसे है" के रूप में समाहर्ता, कैमूर द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11.00 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय स्थित सभाकक्ष, कैमूर (भभुआ) में निम्न प्रकार से की जायेगी।

| आवेदन प्राप्त करने की तिथि | वाहन निलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| 27.06.2026 | नीलामी की पहली तिथि | 30.06.2026 | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, कैमूर (भभुआ) |
| 02.07.2026 | शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि | 04.07.2026 | |
| 06.07.2026 | शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि | 08.07.2026 | |

छत्तीसगढ राज्य अंतर्गत प्रेस विज्ञप्ति हेतु संबंधित वाहनों की विवरणी

| क्र | थाना | थाना काण्ड संख्या | वाहन प्रकार | निबंधन सं० | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अधिहरण वाद सं० एवं दिनांक | मूल्यांकित राशि | अग्रधन की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मद्यनिषेध | 655/24 | TRACTOR & TRAILER | Rg. No.-CG22AC-1953 Ch.No.-WXTN14405051207 Eng.No.-381339STN5997A | श्री राजा राम ठाकुर, पे0–भागबली कुर्रे, सा0–गुरूनानक पुर वार्ड, भतपारा, बलोदाबाजार, सिजी बलोदा, जिला–बलोदा, छत्तीसगढ़ | 600/24 11.12.2024 | 150000 | 15000 | |

**हवाना।** क्यूबा के उत्तर-पश्चिमी तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंपका केंद्र पश्चिमी क्यूबा के मंटुआ शहर से करीब 104 किलोमीटर दूर समुद्र में था। इसकी गहराई लगभग 26 किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप के झटकों से क्यूबा के कई इलाकों में इमारतें हिल गईं और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकल आए। राजधानी हवाना समेत कई शहरों में कंपन महसूस किया गया। झटकों का असर अमेरिका के फ्लोरिडा तक पहुंचा।

**कार्यालय नगर पंचायत छुरिया, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**
**Phone No. 07745-264263 email:-npchhuriya@gmail.com**

क्रमांक / / लो.नि.वि. / नि.अ. / 2026-27 छुरिया, दिनांक 09/06/2026

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत छुरिया में निम्न कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों / फर्म / एजेंसी से मैनुअल निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्र. 09 बाजार में चतुबरा शेड निर्माण कार्य । | 4.15 | निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30/06/2026 शाम 03.00 बजे तक एवं |
| 2 | वार्ड क्र. 11 आत्मानंद स्कूल में शेड निर्माण कार्य । | 8.37 | |
| 3 | वार्ड क्र. 11 सी.सी. रोड निर्माण कार्य मेन रोड से पंजीयक कार्यालय तक । | 2.09 | |
| 4 | वार्ड क्र. 13 कब्रिस्तान में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य । | 10.00 | शीलबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय 30/06/2026 शाम 04.00 बजे तक |
| 5 | वार्ड क्र. 13 आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य श्रीनाथ यादव से नाला तक । | 5.19 | |
| 6 | वार्ड क्र. 13 रमेश चौहान घर के पास पुलिया निर्माण कार्य । | 4.16 | |
| 7 | वार्ड क्र. 13 रमेश चौहान घर से गौठान तक रिर्टेनिंगवॉल निर्माण कार्य । | 9.87 | |
| 8 | वार्ड क्र. 14 कार्यालय नगर पंचायत में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य । | 2.08 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा ,विज्ञप्ति, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकता है। तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTenderUploader पर अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय द्वारा निविदा प्रपत्र प्रदाय नही किया जावेगा, विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त करेगें। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा, सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरिया**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम - छ. रा. वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी) कार्यालय - कार्यपालन अभियंता ( सं / सं.) संभाग भाटापारा

क्र./10-20/10-25 / सामा. / 958 भाटापारा, दिनांक 09/06/2026

**बिजली बंद की सूचना**

छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पटपर में अतिरिक्त 3. 15 MVA का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य हेतु समय 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है ।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.06.2026 | बुधवार | 11 के.व्ही. पटपर फीडर | 11 के.व्ही. पटपर फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | | | 11 के.व्ही. मातादेवालय फीडर | 11 के.व्ही. मातादेवालय फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | | | 11 के.व्ही. इण्डस्ट्रीयल फीडर | 11 के.व्ही. इण्डस्ट्रीयल फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | | | 11 के.व्ही. खैरी फीडर | 11 के.व्ही. खैरी फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 5 | | | 11 के.व्ही. धुर्राबांधा फीडर | 11 के.व्ही. धुर्राबांधा फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | | | 11 के.व्ही. अटल ज्याति फीडर | 11 के.व्ही. अटल ज्याति फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता । |

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है ।**
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"
"समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"

**कार्यपालन अभियंता (सं/ सं ) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा**

## शब्द पहेली - 6252



**बाएँसेदाए±**
1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6251 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6262

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6261 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी लगा रही डिजिटल कर्मचारियों पर बड़ा दांव

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अपनी निर्माण गतिविधियों के विस्तार के लिए स्वचालन, रोबोटिक्स और प्रौद्योगिकी आधारित समाधान पर बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी का मानना है कि केवल श्रमबल बढ़ाकर वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना संभव नहीं होगा। एलएंडटी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आर. शंकर रमण ने 'आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इंडिया इन्वेस्टर्स कॉन्फ्रेंस-2026' में कहा, ''पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान कंपनी ने निर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व स्तर तक स्वचालन को बढ़ावा देने का काम किया है।

### नेपाल ने भारत से आम आयात पर लगाया अंकुश



**काठमांडू।** नेपाल ने कथित रूप से अत्यधिक कीटनाशक पाए जाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में 'क्वारंटीन' सुविधाओं के अभाव का हवाला देते हुए भारत से किए जाने वाले आम के आयात पर अंकुश लगा दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस रोक के चलते नेपाल के स्थानीय बाजारों में घरेलू स्तर पर उत्पादित आम की उपलब्धता बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में आम की मांग आमतौर पर काफी अधिक रहती है।

### रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 95.36 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिका-ईरान तनाव कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें और डॉलर सूचकांक में नरमी के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे मजबूत होकर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच तनाव में नरमी के संकेतों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संभावित हस्तक्षेप, सकारात्मक घरेलू बाजार और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.47 पर खुला।

### मई में चीन का निर्यात 19.4 प्रतिशत उछला



**हांगकांग।** चीन के निर्यात में मई महीने के दौरान सालाना आधार पर 19.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रौद्योगिकी उत्पादों के मजबूत निर्यात और वैश्विक मांग में सुधार को इस बढ़त का प्रमुख कारण बताया गया है। चीन की सीमा-शुल्क एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अप्रैल में चीन का निर्यात 14.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात भी 27.4 प्रतिशत बढ़ा, जो अप्रैल के 25.3 प्रतिशत की तुलना में अधिक है।

### जेएसडब्ल्यू का कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का मई में कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 22.93 लाख टन हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 19.96 लाख टन था। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उत्पादन में यह बढ़ोतरी डोलवी संयंत्र के पूर्ण संचालन और जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटेलिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) के पूरी तरह चालू होने के कारण हुई है। जेएसडब्ल्यू स्टील के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जेवीएमएल का संचालन अब पूरी क्षमता के साथ हो रहा है।

# विमानों की आपूर्ति में देरी से आधुनिकीकरण पर पड़ा असर

**एजेंसी ⏭ रियो डी जेनेरियो**

एयर इंडिया के निवर्तमान मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि पिछले चार वर्षों में एयरलाइन की बुनियाद को फिर से मजबूत किया गया है, लेकिन निर्धारित समय पर विमानों की आपूर्ति न होने से इसकी वृद्धि और बेड़े के आधुनिकीकरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है। पद छोड़ने की घोषणा कर चुके विल्सन ने बातचीत में कहा कि वह इस वर्ष के अंत में पद से हटने के बाद किसी अन्य पूर्णकालिक कार्यकारी भूमिका में नहीं जाएंगे और सलाहकार एवं शिक्षण जैसे कार्यों पर ध्यान देंगे। विल्सन ने सात अप्रैल को एयर इंडिया का सीईओ एवं प्रबंध निदेशक पद छोड़ने की घोषणा की थी। वह इस पद पर मई, 2022 में नियुक्त किए गए थे।

## एयर इंडिया के निवर्तमान सीईओ विल्सन ने कहा

#### एयर इंडिया की बुनियाद मजबूत की गई

विल्सन ने कहा कि पिछले चार वर्षों में एयर इंडिया की बुनियाद को फिर से मजबूत किया गया है, लेकिन निर्धारित समय पर विमानों की आपूर्ति न होने से इसकी वृद्धि और बेड़े के आधुनिकीकरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ा है। उन्होंने विमानों की समय पर आपूर्ति न होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि अगर निर्धारित समय पर विमान मिल गए होते तो एयर इंडिया के कायाकल्प का काम काफी आगे बढ़ चुका होता।



#### एयर इंडिया के पास वर्तमान में 300 से अधिक विमान

इसके अलावा, फर्स्ट क्लास एवं बिजनेस श्रेणी की सीटों की आपूर्ति बाधित होने से चौड़े आकार वाले विमानों के उन्नयन में लगभग दो साल की देरी हो गई। एयर इंडिया समूह के पास वर्तमान में 300 से अधिक विमान हैं, जिनमें एयर इंडिया के बेड़े में 184 विमान शामिल हैं। कंपनी को भविष्य में 670 विमानों की आपूर्ति मिलनी है, जो उसके विस्तार के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण होगी।

#### व्यापक बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही

जनवरी, 2022 में निजीकरण के बाद एयर इंडिया फिलहाल व्यापक बदलाव की प्रक्रिया से गुजर रही है। हालांकि, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त स्वामित्व वाली एयरलाइन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एयर इंडिया के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल को 54 वर्षीय विल्सन ने 'एक शानदार सफर' बताते हुए कहा कि इस दौरान सांस्कृतिक बदलाव, चार एयरलाइंस के विलय, नई पहचान और उत्पाद उन्नयन जैसे कदम उठाए गए।

### देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट का सामना करना पड़ रहा

# आर्थिक वृद्धि की गति बरकरार, अतिरिक्त कर्ज लेने की कोई जरूरत नहीं: सरकार

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से बाहरी मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन घरेलू खपत बरकरार रहने से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही।

- ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

सूत्रों ने कहा कि कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में वैश्विक अर्थव्यवस्था में शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखा गया था और सरकार को फिलहाल अतिरिक्त कर्ज लेने या संसद के आगामी मानसून सत्र में पूरक अनुदान मांग लाने की जरूरत नहीं है। राजकोषीय घाटा अब भी बजट लक्ष्य के अनुरूप जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर बरकरार है।

**विनिवेश व संपत्तियां बाजार पर चढ़ाई जा रही :** सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में विनिवेश और संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने जैसे गैर-कर राजस्व के स्रोतों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही है। सूत्र ने कहा, निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के पास विनिवेश और संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने के लिए साल भर की योजना और मध्यम अवधि का परिदृश्य है।



#### बजट में तय 80,000 करोड़ का आंकड़ा पार हो जाएगा

मुझे उम्मीद है कि इस मद में बजट में तय 80,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हो जाएगा और दोनों विभाग इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीबीआई बैंक का विनिवेश भी होगा। सरकार अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े और मानसून पर अल-नीनो के असर की जानकारी मिलने के बाद जुलाई में वृहद आर्थिक आंकड़ों का फिर से आकलन करेगी।

#### विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं

सूत्रों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में दिखी वृद्धि की रफ्तार 2026-27 की पहली तिमाही में भी जारी है। साथ ही अब तक विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा है। जीएसटी के आंकड़े अच्छे हैं, महत्वपूर्ण आंकड़ें (निर्यात, बिजली खपत आदि) भी सकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

#### निजी निवेश में भी तेजी आ रही

उद्योग मंडल सीआईआई के आंकड़ों के अनुसार निजी निवेश में भी तेजी आ रही है। सूत्रों ने कहा कि सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा और अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ाने के लिए और उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूंजी निकासी पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

#### सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग

सूत्रों ने बताया कि दुनिया भर में उर्वरक की कीमतें बढ़ने के कारण, उर्वरक मंत्रालय ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 1.77 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी का अनुमान लगाया गया था। इसके अलावा, पश्चिम एशिया संकट के बाद से 78 दिनों तक पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार ने कंपनियों को मदद दी है।

#### कंपनियों को हर दिन 650 करोड़ रुपए का नुकसान

पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने इसके बाद धीरे-धीरे पेट्रोल पंप पर कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों के मुकाबले कम दाम पर ईंधन बेचने की वजह से उन्हें अभी भी हर दिन 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# मारुति की छोटी कारों के लिए कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा



**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को अपनी छोटी कारों के लिए 'कीमत सुरक्षा योजना' की घोषणा की है। इस योजना के तहत ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगनआर जैसे मॉडल की कीमतों को सुरक्षित किया गया है, जिससे ग्राहकों को संभावित मूल्य वृद्धि का असर नहीं झेलना पड़ेगा। मारुति सुजुकी ने इस महीने से सभी मॉडल पर कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा मई में की थी। अब कीमत सुरक्षा योजना के तहत कंपनी ने कहा कि उसकी छोटी कार की कीमतें 14 जून, 2026 तक की गई सभी बुकिंग के लिए अपरिवर्तित रहेंगी। मारुति सुजुकी इंडिया के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, हमारे चैनल भागीदारों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, हमने यह कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा की है। उनका अनुरोध सीधा था: जो ग्राहक कार खरीदने का साहस दिखा रहे हैं, उन्हें कीमत में बढ़ोतरी के बाद पीछे न हटना पड़े। इसलिए, हम छोटे कार खरीदारों के लिए इस योजना पर निर्णय लिया। अगर आप बुकिंग करते हैं, तो हम आपको कुछ राहत देंगे।

- 14 जून तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को होगा लाभ

#### वाहनों की कीमतों में वृद्धि होने के आसार

कंपनी ने कहा कि यह योजना ग्राहकों के लिए किफायती विकल्पों को सुरक्षित रखने के लिए शुरू की गई है और वह भी खासकर ऐसे समय में जब मुद्रास्फीतिक दबाव तथा प्रतिकूल लागत वातावरण के बीच वाहनों की कीमतों में वृद्धि होने के आसार हैं।

# कमजोर डॉलर की वजह से सोना 1,500 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर



**एजेंसी ⏭ नई दिल्ल**

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर डॉलर और धारणा में सुधार के कारण सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की मजबूती देखी गई और यह फिर से 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार पहुंच गया। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 1,500 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। यह बढ़त तब हुई जब वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें कम थीं। जानकारों का मानना है कि घरेलू कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और निवेशकों की नई दिलचस्पी के कारण आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिसे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कमजोर डॉलर व बॉन्ड प्रतिफल में आई गिरावट से सहारा मिला।

- सोना फिर से बढ़कर 1.60 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

#### सीजफायर से बाजार का मुड सुधरा

हालांकि, चांदी की कीमतें 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। उन्होंने कहा कि ईरान और इजराइल के एक-दूसरे पर हमले रोकने पर सहमत होने के बाद बाजार का मूड सुधरा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से औपचारिक युद्धविराम की दिशा में प्रगति के संकेत मिले, जिससे इस विवाद के कूटनीतिक समाधान की उम्मीदें बढ़ीं।

# ग्रासिम विस्तार पर 3,094 करोड़ रुपए करेगी निवेश

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि वह कर्नाटक के हरिहर में अपनी लियोसेल



क्षमता के विस्तार के लिए 3,094 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले इस निवेश का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बढ़ती टिकाऊ एवं उच्च गुणवत्ता वाली वस्त्र सामग्री की मांग को पूरा करना है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में इस पूंजीगत व्यय को मंजूरी दी गई। यह निवेश आंतरिक संसाधनों और कर्ज के मिश्रण से वित्तपोषित किया जाएगा। लियोसेल एक अर्ध-कृत्रिम रेशा है जिसका इस्तेमाल परिधान, घरेलू वस्त्र और तकनीकी वस्त्र उत्पादों में किया जाता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी लौटी

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई और दोनों मानक सूचकांक चढ़कर बंद हुए। इजराइल एवं ईरान के बीच तनाव कम होने और दुनिया के अन्य शेयर बाजारों में तेजी से सेंसेक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक की बढ़त में रहा।

- सेंसेक्स 394 और निफ्टी 119 अंक चढ़ा

विश्लेषकों ने कहा कि बैंक शेयरों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 394.50 अंक बढ़कर 73,918.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 511.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 119.10 अंक बढ़कर 23,242.10 अंक पर बंद



हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाइटन, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और जोखिम वाली संपत्ति में सुधार हुआ, जिससे भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''

#### मिडकैप और स्मालकैप में रही तेजी

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.50 प्रतिशत उछल गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.33 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक में 83 प्रतिशत, बैंकिंग सूचकांक में 2.18 प्रतिशत, सेवा खंड में दो प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

#### बाजार उबरने की कोशिश कर रहा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार हाल में आई तेज गिरावट से उबरने की कोशिश कर रहा है। इसमें इजराइल-ईरान तनाव में कमी आने और कच्चे तेल में नरमी की अहम भूमिका रही। लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने और उच्च बॉन्ड प्रतिफल से जुड़ी चिंताएं बरकरार हैं।

# भारतीय कंपनियों का कनाडा में 11 अरब कनाडाई डॉलर निवेश

**वाशिंगटन।** भारतीय कंपनियों ने सूचना प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कनाडा में लगभग 11 अरब कनाडाई डॉलर का निवेश किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कनाडा-भारत व्यापार परिषद की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वाणिज्य मंत्री



पीयूष गोयल की कनाडा यात्रा के दौरान जारी की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी अमेरिकी देश के 10 में से आठ प्रांतों में 50 भारतीय कंपनियों की उपस्थिति है और उन्होंने 33,000 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा सृजित रोजगार 2023 से लगभग दोगुना हो गए हैं।

# फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर किया 6.4 प्रतिशत

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका-ईरान संघर्ष और इससे जुड़े तेल संकट के प्रभावों की वजह से यह कटौती की गई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने जून महीने की अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर धीमी रह सकती है लेकिन घरेलू मांग और निवेश से कुछ समर्थन मिलेगा। फिच रेटिंग्स ने कहा,''हम उम्मीद

- पहले वृद्धि दर अनुमान 6.7 प्रतिशत रखा गया था



करते हैं कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह जाएगी, जो मार्च के अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य आधार बनी रहेगी और वास्तविक संदर्भ में आयात कम होने से शुद्ध बाहरी मांग इस वृद्धि में सकारात्मक योगदान देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च मुद्रास्फीति और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से वास्तविक आय पर दबाव बढ़ेगा, जिससे उपभोक्ता खर्च प्रभावित होगा।

#### पहले 70 डॉलर प्रति बैरल रहा कच्चा तेल

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है और इसका असर भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फिच ने ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत के अनुमान को बढ़ाकर 87 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था।

#### तेल की कीमतों में तेजी का असर पड़ रहा

फिच रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कोल्टन ने कहा, तेल की कीमतों में तेजी से वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ रहा है और जोखिम बढ़ रहे हैं। लेकिन दुनिया भर में आईटी पर खर्च तेजी से बढ़ रहा है, जो निकट अवधि में आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर को कुछ हद तक कम कर रहा है।

### टीमलीज की रिपोर्ट में कॉरपोरेट क्षेत्र का चालू वित्त वर्ष के लिए उम्मीद

# वेतन 8.6 से 10.2 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

चालू वित्त वर्ष में कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुशल एवं बेहतर निष्पादन वाले कर्मचारियों की लगातार बढ़ती मांग के कारण यह वृद्धि देखने को मिल रही है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई।

- कुशल एंव बेहतर कर्मचारियों के लिए लगातार बढ़ती मांग के कारण वृद्धि

टीमलीज सर्विसेज की रोजगार एवं वेतन परिदृश्य पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान औसत वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ईवी अवसंरचना, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और औषधि जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की प्रमुख भूमिका रहने वाली है।

**विशाखापट्टनम व नागपुर में अच्छी वृद्धि संभव:** इनके अलावा विशाखापट्टनम और नागपुर जैसे उभरते शहरों में भी अच्छी वृद्धि देखे जाने की संभावना है। इसके उलट सूरत, चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों में पिछले वर्ष की तुलना में वेतन वृद्धि की दर में थोड़ी गिरावट देखी गई है।




#### वाहन, बीमा व बीपीओ क्षेत्र में 8.9 से 9.5 फीसदी के बीच

रिपोर्ट के मुताबिक, वाहन, बीमा और बीपीओ जैसे क्षेत्रों में इस साल वेतन वृद्धि 8.9 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वहीं बैंकिंग, निर्माण एवं रियल एस्टेट, दूरसंचार और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 8.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न कार्य क्षेत्रों में वेतन वृद्धि का सबसे अधिक असर बिक्री एवं विपणन, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों में देखा जा रहा है। शहरों के स्तर पर चेन्नई, पुणे, हैदराबाद और अहमदाबाद वेतन वृद्धि के मामले में आगे रह सकते हैं।

#### ईवी क्षेत्र में 10.2 फीसदी तक वेतन वृद्धि दिख सकती है

रिपोर्ट कहती है कि ईवी और उससे जुड़े क्षेत्र में 9.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक और साइट इंजीनियर जैसी भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि होने का अनुमान है।

#### वेतन वृद्धि अब मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं

टीमलीज सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम ए ने कहा, भारत का वेतन ढांचा पहले की तुलना में अधिक विविध और प्रदर्शन-आधारित होता जा रहा है। अब वेतन बढ़ोतरी के रुझान अलग-अलग क्षेत्रों की वृद्धि और विशेष कौशल पर निर्भर कर रहे हैं। वेतन वृद्धि अब केवल बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। छोटे और उभरते शहर भी अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

1994: पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।

वहीं 2026 में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

1994 : पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।

2026: तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

1994 : विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।

वहीं 2026 में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

### मैदानों का आकार

1994: उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।

2026: सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

1994: विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।

2026: मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

1994: गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।

2026: प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाडी

1994: एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।

2026: प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी।

### सोमालिया के रैफरी को नहीं मिली यूएसए में एंट्री

**मियामी।** अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया के रैफरी उमर अर्टन फीफा विश्व कप में अधिकारी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने बताया कि सोमालिया के एक नागरिक को शनिवार को इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। इस व्यक्ति को विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभानी थी। हालांकि सीबीपी ने अपने बयान में उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया लेकिन अर्टन विश्व कप में सोमालिया से एकमात्र रैफरी हैं। फीफा ने बाद में पुष्टि की कि अर्टन विश्व कप में ट्रेनिंग और रैफरी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे।

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुर्यांश शेड्गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत की टॉप-10 में वापसी अमेलिया नंबर-1 ऑलराउंडर



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर ने टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक बार फिर शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। अमेलिया टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले ही टॉप पोजीशन पर लौटी हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। वहीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शीर्ष 10 में वापसी की है।

### टॉप-10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। टॉपटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद कौर ने टॉप 10 में वापसी की है। टॉप-10 में अब तीन भारतीय खिलाड़ी हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 5वें जबकि शेफाली वर्मा बैटिंग रैंकिंग में 7वें नंबर पर काबिज हैं।

### इंग्लैंड की खिलाड़ियों को फायदा

सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड की खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। एलिस कैप्सी, जो सीरीज के निर्णायक मैच में 82 रनों की शानदार पारी खेलकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनी थीं, टी20 बल्लेबाजों की लिस्ट में 13 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गई हैं। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालीफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरा : टी20 सीरीज से सिराज बाहर, कृष्णा को मौका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई ने बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने इस कदम को 'एहतियाती उपाय' बताया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 2 और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने कहा, 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।' 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद सिराज को उनके काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम करने की सलाह दी गई है।' बीसीसीआई ने कहा, 'यह फैसला एहतियाती उपाय के तौर पर लिया गया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले उन्हें ठीक होने का पूरा समय मिल सके। पुरुष चयन समिति ने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सिराज की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है।'



ई-नीलामी विक्रय सूचना

निलामी की तिथि एवं समय :- 16-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F)<br>(G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.)<br>बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री वैद्य विजयेंद्र कुमार,** मा-2, पदुम नगर, वार्ड नंबर 17, वरोदा, भिलाई - छत्तीसगढ़, पिन - 490010. **श्री वैद्य विजयेंद्र कुमार,** यूनिक स्ट्रक्चर्स एंड टावर्स लिमिटेड, 1ए, लाइट इंडस्ट्रियल वर्क्स एरिया - भिलाई - 490026. | ₹ 12,51,300/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी फ्लैट/अपार्टमेंट जिसका क्षेत्रफल 595 वर्ग फुट है, खसरा संख्या 41/4, 41/6, 41/7, मौजा-जुनवानी ''चौहान हाउसिंग कंपनी'' चौहान ग्रीन वैली, फ्लैट संख्या 23, छठी मंजिल, ब्लॉक-ए-1, वार्ड संख्या 01, रानिमं-दुर्ग -1, प.ह.नं.-15/21, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। **चौहद्दी:**-उत्तर में फ्लैट ए1/22, दक्षिण में खुला स्थान, ब्लॉक ए-2, पूर्व में सड़क, पश्चिम में फ्लैट ए-1/24, फ्लैट का कुल क्षेत्रफल 595 वर्ग फुट है। **लेटिट्यूड- 21.222822, लांगिट्यूड- 81.310438.** | भौतिक | ₹14,41,000/- | ₹1,44,100/-<br>₹ 5,000/- |
| 2. | **श्री कुमार अनुज,** के 57 क्लासिक सिटी, इंडियन पेट्रोल पंप, परसुलीडीह परसुलीडीह (टेकारी), गिरोद - रायपुर, - छत्तीसगढ़, पिन - 493111 - भारत। **श्री कुमार अनुज** मै. अनुज कुमार, मकान नंबर के-57 क्लासिक सिटी, परसुलीडीह, रायपुर छ.ग., 493111. | ₹ 25,71,309/- 31 अगस्त 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट, यूनिट-के-59 एवं यूनिट-के-60, 'क्लासिक सिटी', स.क्र, खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2(भाग); मकान नंबर 23/11; रानिमं-धरसींवा 1, ग्राम-परसुलिडीह, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- (1144 वर्ग फुट + 1316 वर्ग फुट = 2460 वर्ग फुट) (228.53 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड-21.305512,लांगिट्यूड- 81.688407.** | भौतिक | ₹27,48,000/- | ₹2,74,800/-<br>₹ 5,000/- |

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 24-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-14-जुलाई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

दिनांक: 10 जून, 2026
स्थान: रायपुर, दुर्ग
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, आर.जे.वी. टावर, जवाहर नगर, एम.जी. रोड, रायपुर (छ.ग.)

अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों के पैनल में शामिल होने के लिए सूचना

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** छत्तीसगढ़ अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों को पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। सभी विवरणों और अनुलग्नकों के लिए, कृपया **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** की अधिकारिक वेबसाइट **https://punjabandsind.bank.in.** पर विविध अनुभाग के अन्तर्गत" अधिवक्ताओं/कानूनी फर्मों का पैनल देखें। अधिवक्ता/कानूनी फर्म अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में अनुलग्नक बी, सी और डी एवं अनुलग्नक II में उल्लिखित प्रासंगिक संलग्नक, दस्तावेजों आदि के साथ **04/07/2026** तक क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर में जमा कर सकते हैं।

बैंक किसी भी स्तर पर बिना किसी सूचना के पैनल में शामिल होने की किसी भी शर्त को संशोधित करने और विज्ञापन वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 09/06/2026
क्षेत्रीय प्रबंधक
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर

रहस्यमयी मान्यताओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों के लिए भी प्रसिद्ध

# भारत के ऐसे 5 मंदिर, जिनका प्रसाद घर नहीं ले जाते भक्त

**नई दिल्ली।** भारत के मंदिर केवल आस्था के केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि अपनी अनूठी परंपराओं, रहस्यमयी मान्यताओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों के लिए भी प्रसिद्ध हैं। आमतौर पर मंदिर दर्शन के बाद श्रद्धालु प्रसाद को अपने परिवार और रिश्तेदारों के लिए घर लेकर जाते हैं। इसे भगवान का आशीर्वाद माना जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत में कुछ ऐसे मंदिर भी हैं, जहां प्रसाद को घर ले जाना उचित नहीं माना जाता?

## काल भैरव मंदिर, मध्य प्रदेश

उज्जैन स्थित काल भैरव मंदिर भगवान शिव के उग्र स्वरूप काल भैरव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाना जाता है, जहां भक्त भगवान को मदिरा अर्पित करते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मंदिर में चढ़ाई गई मदिरा और अन्य विशेष भेंट केवल भगवान के लिए होती हैं। इन्हें सामान्य प्रसाद की तरह घर ले जाना या वितरित करना उचित नहीं माना जाता। यही वजह है कि यह मंदिर श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



## मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, राजस्थान

राजस्थान के दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर देश के सबसे रहस्यमयी मंदिरों में गिना जाता है। यह मंदिर भगवान हनुमान के बालाजी स्वरूप को समर्पित है और यहां नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति पाने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। मंदिर की सबसे खास परंपरा यह है कि यहां का प्रसाद या कोई भी खाद्य सामग्री घर ले जाने की सलाह नहीं दी जाती। मान्यता है कि पूजा-पाठ के दौरान प्रसाद नकारात्मक ऊर्जा को अपने अंदर समाहित कर लेता है। इसलिए श्रद्धालुओं को प्रसाद मंदिर परिसर में ही ग्रहण करने या वहीं छोड़ देने के लिए कहा जाता है।



## कामाख्या मंदिर, असम

असम की राजधानी गुवाहाटी के नीलाचल पर्वत पर स्थित कामाख्या मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। यह मंदिर तांत्रिक साधना और विशिष्ट धार्मिक परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। विशेष रूप से अंबुबाची मेले के दौरान यहां मिलने वाले कुछ प्रसाद और पवित्र वस्तुओं को अत्यंत शक्तिशाली और दिव्य माना जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार कुछ विशेष प्रसाद को मंदिर परिसर से बाहर ले जाना उचित नहीं माना जाता।

## कोटिलिंगेश्वर मंदिर, कर्नाटक

कर्नाटक का कोटिलिंगेश्वर मंदिर लाखों शिवलिंगों के लिए प्रसिद्ध है। यह देश के सबसे अनोखे धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। मंदिर की मान्यता के अनुसार यहां भगवान शिव के परम भक्त चंडेश्वर का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि भगवान को अर्पित किए गए प्रसाद पर प्रतीकात्मक रूप से चंडेश्वर का अधिकार होता है। यही कारण है कि कई श्रद्धालु प्रसाद को घर ले जाने या सामान्य रूप से उपयोग करने से बचते हैं।

## नैना देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थित नैना देवी मंदिर प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। शिवालिक पर्वतमाला की ऊंचाइयों पर स्थित यह मंदिर अपनी धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। स्थानीय परंपराओं के अनुसार देवी को अर्पित कुछ विशेष प्रसाद और भेंट मंदिर परिसर में ही रहने चाहिए। हालांकि, यह परंपरा सभी श्रद्धालुओं पर समान रूप से लागू नहीं होती, फिर भी बड़ी संख्या में भक्त आज भी इस मान्यता का पालन करते हैं।

## महिला ने जोरदार डकार से मचाई सनसनी, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**न्यूयार्क।** अमेरिका की एक महिला ने इतनी तेज डकार निकाली कि उसका नाम एक बार फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। दरअसल, अमेरिका की रहने वाली किम्बर्ली विंटर ने सबसे तेज डकार निकालने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा शेयर किए गए वीडियो के अनुसार, किम्बर्ली ने 108 डेसिबल की जोरदार डकार निकाली। यह आवाज इतनी तेज थी कि सुनने वालों के कान तक गूंज उठे। आमतौर पर इतनी तेज आवाज किसी मशीन या तेज हॉर्न में सुनाई देती है, लेकिन एक इंसान द्वारा इतनी तेज डकार निकालना लोगों के लिए काफी हैरानी वाली बात बन गया। मजे की बात तो ये है कि इससे पहले सबसे तेज डकार का रिकॉर्ड भी किम्बर्ली विंटर के नाम ही था। उन्होंने अपनी पुरानी उपलब्धि को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।







# सदी का सूर्यग्रहण देखने से इस बार चूके तो 157 साल बाद मिलेगा मौका

**वॉशिंगटन।** दुनिया के बड़े हिस्से को आसमान में सूर्य ग्रहण का ऐसा नजारा देखने का मौका मिलने जा रहा है, जो सदियों में एक बार होता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया है कि इस सूर्य ग्रहण के दौरान दिन में इतना अंधेरा छाएगा कि कुछ मिनट के लिए रात जैसा माहौल हो जाएगा। अगले साल होने वाले इस ग्रहण के बाद अगले 157 साल तक इस तरह की अनोखी खगोलीय घटना नहीं होगी। यानी इसे देखने से चूकने वाले को फिर ऐसा मौका मिलना तकरीबन नामुमकिन है।



सूर्य ग्रहण की इस घटना के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी घटना साल 2184 तक दोबारा नहीं होगी। ऐसे में इसे सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण कहा जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण 2 अगस्त, 2027 को होगा। छह मिनट से ज्यादा वक्त तक चलने की वजह से यह 21वीं सदी में होने वाला अब तक का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण बन जाएगा।

## सूर्य ग्रहण को कौन देख सकेंगे

नासा के अनुसार, अगस्त, 2027 के इस सूर्य ग्रहण की कुल अवधि 6 मिनट 23 सेकंड होगी। यह दुनिया के कुछ हिस्सों में बहुत अच्छी तरह से दिखाई देगा। वहीं कई देशों के लोग इसे आंशिक तौर पर देख सकेंगे। इस ग्रहण को स्पेन में अलावा और युस्काडी से बेहद अच्छे से देखा जा सकेगा। मिस्र में नील घाटी से भी ग्रहण साफ दिखेगा। इबेरियन प्रायद्वीप और आसपास के इलाकों में इस घटना को देखने के लिए सबसे चौड़ा क्षेत्र होगा। अफ्रीका, बाकी यूरोप और मध्य पूर्व में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा। ग्रहण के रास्ते के कारण यह लैटिन अमेरिका में दिखाई नहीं देगा। इसके अलावा एशियाई देशों में भी यह ग्रहण बहुत अच्छे से नहीं देखा जा सकेगा।

## भारत में दिखेगा सूर्य ग्रहण?

अगले साल होने वाला यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। भारत के लोग इसे नहीं देख पाएंगे क्योंकि इसका रास्ता भारतीय उपमहाद्वीप से होकर नहीं गुजरेगा। यह ग्रहण अटलांटिक महासागर के ऊपर शुरू होगा और दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों से होकर गुजरेगा। यह मुख्य रूप से स्पेन, मोरक्को, अल्जीरिया, लीबिया, मिस्र और सऊदी अरब में पूरी तरह से दिखाई देगा। हालांकि कई एक्सपर्ट उम्मीद कर रहे हैं कि भारत या कुछ एशियाई मुल्कों से इस ग्रहण की आंशिक रूप से शायद कुछ झलक मिल सके। हालांकि इसकी उम्मीद काफी कम है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com